# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 18 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट


# चुनावः छत्तीसगढ़-एमपी में रिकॉर्ड मतदान

## छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण और मध्य प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर शुक्रवार को क्रमशः 68.15 प्रतिशत और 71.16 प्रतिशत मतदान हुआ

**नई दिल्ली**

छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण और मध्य प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर शुक्रवार को क्रमशः 68.15 प्रतिशत और 71.16 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के आंकड़े शाम पांच बजे तक के हैं। अंतिम नतीजों में वृद्धि हो सकती है। मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण रहा । पहली बार छत्तीसगढ़ के रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर महिला स्टाफ की तैनाती की गई, जिन्होंने वहां का कामकाज बखूबी संभाला। निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित 201 मतदान केंद्रों पर 1046 महिलाओं को तैनात किया गया था। इन सभी महिलाओं द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्रों ने सभी मतदाताओं, विशेष रूप से महिला और तीसरे लिंग के मतदाताओं को अधिक समावेशी चुनावों के लिए आराम और सुरक्षा की भावना प्रदान की।

मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र सुलभ बनाने की दृष्टि से छत्तीसगढ़ में 100 से कम मतदाताओं वाले भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र में 11 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। शेराडांड में केवल 5 मतदाता थे, जिनके लिए एक मतदान केंद्र स्थापित किया गया था। मध्य प्रदेश के बालाघाट विधानसभा में सोनेवानी मतदान केंद्र पर सभी पंजीकृत 42 मतदाता (26 महिला और 16 पुरुष मतदाता) वोट डालने के लिए एक साथ आए, जिससे शत प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में 5000 महिला प्रबंधित मतदान केंद्र, लगभग 200 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्र और लगभग 15000 मॉडल मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। छत्तीसगढ़ चुनाव के दूसरे चरण में लगभग 700 महिला प्रबंधित मतदान केंद्र, लगभग 70 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्र और लगभग 350 मॉडल मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में आदिवासियों के लिए विशेष थीम आधारित मतदान केंद्र भी बनाए गए।



### आदिवासी लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेने के लिए उत्साहित थे

**जनजातीय** समुदायों के बीच मतदान को सुविधाजनक बनाने के लिए चुनाव आयोग ने ठोस प्रयास किए थे। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के बीच शत प्रतिशत नामांकन हासिल किया गया। इन समुदाय से संबंधित 7.52 लाख से अधिक मतदाता हैं, अर्थात छत्तीसगढ़ में कमार, भुंजिया, बैगा, पहाड़ी कोरवा, अबुझमाडिया, बिरहोर और मध्य प्रदेश में सहरिया, भारिया और बैगा मतदाता के रूप में पंजीकृत थे। इन समुदायों के



आदिवासी लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेने के लिए उत्साहित थे, क्योंकि आदिवासी जीवन शैली पर आधारित मतदान केंद्र समुदाय के सदस्यों को मतदान केंद्र पर आने और मतदान करने के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करते थे। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए प्रातः 7 से शाम 6 बजे तक मतदान चला। नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले की 3 विधानसभा बैहर, लांजी और परसवाड़ा तथा मंडला के 55 और डिंडोरी के 40 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से अपराह्न 3 बजे तक वोटिंग हुई। प्रदेश के कुल 230 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 2533 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें 2280 पुरुष, 252 महिला और 1 थर्ड जेंडर अभ्यर्थी शामिल हैं।

## मध्य प्रदेश चुनाव के बीच जमकर हुई हिंसा, कई घायल



**भोपाल**

**मध्य प्रदेश** में विधानसभा चुनाव हुआ। चुनाव के बीच कई जगहों पर हिंसा की घटनाएं भी देखने को मिली है। कहीं फायरिंग तो कहीं पथराव हुआ है। इन घटनाओं में कई लोग घायल भी हुए हैं।

**मुरैना और भिंड में जमकर हुई हिंसा**

चुनाव के दौरान कई मतदान केंद्रों पर पथराव भी हुआ, जिसमें मुरैना का दिमनी, भिंड का मनहद गांव शामिल है। इस हिंसा में कई लोग घायल हो गई। भिंड में तो भाजपा प्रत्याशी राकेश शुक्ला को ही चोट आ गई।

**महू में चली तलवारें, कई घायल**

मतदान के बीच महू में हिंसा भड़क गई। महू में तलवारबाजी की घटना देखने को मिली है। यहां दो लोग बुरी तरह घायल हो गए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला करने का आरोप लगाया है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का कहना है कि भाजपा के लोग उनके पक्ष में वोट डालने का दबाव बना रहे थे। बडगोंदा टीआई कैलाश सोलंकी ने बताया दोनों पक्ष के लोग घायल है। अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। भिंड के मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को अज्ञात व्यक्तियों ने भाजपा उम्मीदवार पर गोली चला दी। घटना में एक आप समर्थक भी घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची।

## भूपेश सरकार का सूपड़ा साफ होने जा रहाः भाजपा

**रायपुर**

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने प्रदेश विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान में स्वस्फूर्त हिस्सा लेने के लिए सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। भाजपा ने कहा है कि स्वस्फूर्त मतदान का प्रतिशत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश में परिवर्तन की प्रचण्ड लहर बह रही है और कांग्रेस के कुशासन और कुनीतियों से त्रस्त मतदाता कांग्रेस की भूपेश सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के निश्चय के साथ मतदान केंद्रों तक बड़ी संख्या में पहुंचे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी के साथ साथ अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार, छलावा से बेहद रुष्ट है और जनता ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ अपने आक्रोश को अपने मताधिकार के जरिए व्यक्त किया है।

## स्वच्छता और सुरक्षा का मानक बने छठ छठ महापर्वः योगी

**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री यो**गी आदित्यनाथ ने आगामी छठ पर्व को 'स्वच्छता और सुरक्षा' के मानक पर्व के रूप में आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व पर पूजा/अनुष्ठान के दौरान पूरे प्रदेश में स्वच्छ्ता का माहौल हो, इसके लिए नगर विकास और पंचायती राज विभाग द्वारा विशेष प्रयास किये जायें। लोगों की आस्था का यथोचित सम्मान करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि नदियां/जलाशय दूषित न हों। लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक म प्रयोग न करने के लिए जागरूक करें। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए रात्रि 1-2 बजे से ही श्रद्धालुओं/व्रतियों का आवागमन प्रारंभ हो जाता है, ऐसे में हर जगह समुचित प्रकाश व्यवस्था कराई जाए। नगर विकास मंत्री, महापौर लखनऊ, कृषि उत्पादन आयुक्त, एसडीजी कानून-व्यवस्था, तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में छठ के बीच स्वच्छ्ता के दृष्टिगगत 'स्वच्छ घाट' प्रतियोगिता भी कराई जानी चाहिए।

## कुलगाम मुठभेड़ में पांच आतंकवादी ढेर, हथियार व गोला बारूद बरामद

**कुलगाम**

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दूसरे दिन शुक्रवार को पांच आतंकियों को मार गिराया है। सुरक्षाबलों का अभियान अभी अंतिम चरण में है। मुठभेड़ स्थल से हथियार व गोला-बारूद बरामद किया गया है। मारे गए आतंकियों की पहचान के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। कुलगाम जिले के समनू गांव में गुरुवार दोपहर मुठभेड़ शुरू हुई थी। पुलिस, सेना की 34 आरआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने विशेष सूचना पर कुलगाम के समनू गांव की घेराबंदी और अभियान शुरू किया था। इस



दौरान दोनों ओर से गोलीबारी हुई। रात में अंधेरे के कारण अभियान को रोक दिया गया, लेकिन इस दौरान सुरक्षाबलों ने आतंकियों की घेराबंदी और सख्त कर दी। सुबह होते ही सुरक्षाबलों ने एक बार फिर क्षेत्र में अपना अभियान शुरू किया। इस दौरान एक बार फिर शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अभी तक पांच आतंकियों को मार गिराया है, लेकिन फिलहाल मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हो पाई है। क्षेत्र में सुरक्षाबलों का अभियान फिलहाल जारी है।

## भाजपा सरकार में भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगेः अमित शाह

**जयपुर**

केंद्रीय गृह एवं सहाकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आपने पांच साल तक कांग्रेस की सरकार देखी। इस सरकार ने सबसे बड़ा कोई कार्यक्रम किया है तो वह भ्रष्टाचार करने का किया है। यहां कुछ युवा लाल कलर की स्वेटर-जर्सी पहन कर आए हैं। मेरी सभा में तो आ गए, आप गहलोत साहब की सभा में मत चले जाना। नहीं तो जैसे सांड लाल कलर को देखकर दौड़ता है, वैसे गहलोत साहब दौड़ने लग जाएंगे। केंद्रीय मंत्री शाह ने शुक्रवार को



बिजयनगर, नसीराबाद (अजमेर) में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। शाह ने कहा कि लाल डायरी में गहलोत सरकार के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा है। राजस्थान में आजादी से अब तक जितनी सरकारों ने भ्रष्टाचार नहीं किया होगा, गहलोत सरकार ने उससे बड़ा घोटाला किया। खनन विभाग में 66 हजार करोड़, खनन के पट्टे देने में एक हजार करोड़ का घोटाला किया। उदय सागर झील में 2 हजार करोड़ का घोटाला किया। प्रतापगढ़ में लाइम स्टोन के ठेके देने में 1 हजार करोड़ की खान 5 रुपये में दे दी। सचिवालय के कमरे की अलमारी में 2 करोड़ रुपये और किलो में सोना मिलता है। कालीसिंध के नाम पर 200 करोड़ की रिश्वत ली। वृद्धावस्था पेंशन में 450 करोड़ रुपये गहलोत सरकार खा गई। राशन में भी एक हजार करोड़ का घोटाला किया।

## सिर शर्म से झुक जाता है यह सुनकर कि सबसे अधिक महिला अत्याचार राजस्थान में हैं- राजे



**सिरोही/जयपुर**

पूर्व सीएम वसुन्धरा राजे ने कहा है कि हम सब का सिर शर्म से झुक जाता है, यह सुनकर कि देश में सबसे अधिक महिला अत्याचार राजस्थान में हो रहें हैं। शाम को हमारी बच्ची जब तक घर नहीं आ जाती, कलेजा धड़कता रहता है। हर दिन 20 महिला अत्याचार की घटनाएं। पांच साल में 10 लाख अपराध। पांच साल में 2 लाख से ज्यादा महिला अपराध और 35 हजार से ज्यादा दुष्कर्म।हर दिन 7 हत्या। ये है हमारे राजस्थान की तस्वीर। जिसे खराब किया है कांग्रेस सरकार ने। राजे गोगुन्दा से भाजपा के प्रत्याशी प्रताप गेमती, सिरोही प्रत्याशी ओटाराम देवासी, रेवदर प्रत्याशी जगसी राम कोली व पिंडवाड़ा- आबू प्रत्याशी समा राम गारसिया के समर्थन में आयोजित चुनावी सभाओं में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का जीवन संवारा। दूसरी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान के लोगों का जीवन बदहाल किया। आज राजस्थान में स्कूल है तो टीचर नहीं, अस्पताल है तो डॉक्टर नहीं, कॉलेज है तो व्याख्याता नहीं। पद खाली पर नौकरी नहीं। दस दिन में कर्जा माफी का वादा पूरा नहीं हुआ। उल्टा 19 हजार 422 किसानों की भूमि कुर्क कर ली। पांच साल में 350 किसानों ने आत्महत्या की। बिजली तंत्र पूरी तरह से फेल होगया। हमारे समय में 72 घंटे में ट्रांसफार्मर मिलते थे, अब 72 दिन में भी नहीं। हमारे समय में गांवों में भी घरेलू बिजली 22-24 घंटे।अब 8-10 घंटे से ज्यादा नहीं। उन्होंने कहा फ़्यूल सरचार्ज के नाम पर साढ़े 56 करोड़ की वसूली की।

## कार्यकर्ताओं को मरने के लिए छोड़ दे रहे हैं माकपा नेता : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता**

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता और वरिष्ठ भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को माकपा के उन कार्यकर्ताओं के प्रति सहानुभूति जताई है जिन पर दक्षिण 24 परगना के जयनगर में लगातार हमले हो रहे हैं। अधिकारी ने आरोप लगाया है की माकपा के बड़े नेता अपने सामान्य कार्यकर्ताओं को करने के लिए छोड़ चुके हैं। जयनगर में तृणमूल कांग्रेस के नेता सैफुद्दीन लश्कर की हत्या के बाद स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ताओं ने पीट-पीटकर माकपा के एक कार्यकर्ता को मौत के घाट उतार दिया था। उसके बाद करीब दर्जन माकपा कार्यकताओं के घरों में आग लगा दी गई। इस मामले में वाम दलों की ओर से कोई बड़ी प्रतिक्रिया या प्रदर्शन नहीं हुए हैं। इस पर सवाल खड़ा करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि संकट की इस घड़ी में माकपा के बड़े नेता अपने कार्यकर्ताओं से मुंह मोड़ चुके हैं। गुरुवार को पुलिस ने संदिग्ध मास्टरमाइंड के रूप में क्षेत्र में सक्रिय माकपा कार्यकर्ता अनीसुर लश्कर को गिरफ्तार कर लिया था। इन मुद्दों का जिक्र करते हुए विपक्ष के नेता ने कहा कि माकपा नेतृत्व जमीनी स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ खड़े होने के बारे में गंभीर नहीं है, जो पार्टी के झंडे को ऊंचा रखने के लिए रोजाना सत्तारूढ़ पार्टी और पुलिस प्रशासन के हमले का सामना कर रहे हैं। मुझे ऐसे जमीनी स्तर के माकपा कार्यकताओं से नियमित संदेश मिल रहे हैं जो इस मामले में अपने नेतृत्व के ढुलमुल रवैये की शिकायत कर रहे हैं।

## रेस्क्यूः आईटीबीपी-एनडीआरएफ ने अब तक 24 मीटर ड्रिल की

**उत्तरकाशी**

**उत्तराखंड** में यमुनोत्री हाइवे को जोड़ने वाली राडी के बीच सिलक्यारा टनल साइट पर नई जैक एंड पुश अर्थ ऑगर मशीन ने अब रफ्तार पकड़ ली है। 12 नवम्बर से सुरंग में कैद 40 श्रमिकों की अब जल्द बाहर आने की उम्मीद है। उम्मीद है कि एक -दो दिनों में फंसे मजदूरों को बाहर निकाला जा सकेगा। सूचना है कि कुछ श्रमिकों की तबीयत भी खराब हो रही है। इधर, प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी सर्च एंड रेस्क्यू का कार्य अपने हाथ में ले लिया है। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल और एनडीआरएफ अमेरिकी जैक एंड पुश अर्थ ऑगर मशीन से लगातार ड्रिल कर आगे बढ़ रही हैं। यह हाईपावर मशीन एक घंटे में पांच से छह मीटर तक ड्रिल कर रही है लेकिन डेढ़ घंटे में तीन मीटर पाइप ही मलबे में जा पा रहे हैं।

## 'नई बनने वाली हर सड़क की 05 साल की हो गारंटीः सीएम योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनहित से जुड़ी निर्माण परियोजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग की चालू, लंबित तथा भावी कार्ययोजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम योगी ने जनहित की परियोजनाओं में देरी से न केवल लागत में बढ़ोतरी होती है, बल्कि आमजन को सेवाओं का लाभ समय से नहीं मिल पाता और असुविधा भी होती है। ऐसे में हमें समयबद्धता पर जोर देना होगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय सहित अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। यह सुनिश्चित हो कि हर कार्य पूरी गुणवत्ता से हो और समय पर पूरा हो। पेंडिंग कार्यों



की जवाबदेही तय की जाए। सीएम योगी ने कहा कि विभागीय मंत्रीगण परियोजनाओं की नियमित अंतराल पर समीक्षा करें। फील्ड विजिट करें और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज्ड किया जाना चाहिए। आईआईटी, एकेटीयू, एमएमएमयूटी जैसे संस्थानों से सहयोग लें। सड़क निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश की एफडीआर तकनीक को भारत सरकार ने सराहा है। इसे लोक निर्माण विभाग में भी प्रभावी करें। कहीं भी मैनपावर की कमी न रहे। हमें नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होने तक आउटसोर्सिंग के माध्यम से योग्य युवाओं को जोड़ना चाहिए। गेट जैसे राष्ट्रीय परीक्षा को आधार मानकर उनकी योग्यता का प्रारंभिक आंकलन किया जा सकता है। ऐसे युवाओं को नियमित सेवा में वेटेज दिया जाए। इस संबंध में नीति/गाइडलाइन तैयार कर प्रस्तुत करें।

यह सुनिश्चित करे कि कहीं भी लोकहित से जुड़ी किसी परियोजना में माफिया/अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को स्थान न मिले। उनके करीबी रिश्तेदारों और गैंग के गुर्गों को भी ठेके-पट्टे से दूर रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए सड़क बनाने वाली एजेंसी/ठेकेदार सड़क बनने के अगले 05 वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं। ग्रामीण मार्गों का यातायात एवं अन्य बिंदुओं पर आधारित चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव तैयार करें। निविदा प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना चाहिए। योग्यता अनुभव, निष्ठा को वरीयता दें। भवन कार्यों हेतु केंद्रीय लोक निर्माण विभाग आधारित प्रदेशव्यापी एकल यूनिफाइड शेड्यूल रेट्स को अपनाया जाना चाहिए। इस पर विधिवत विचार किया जाए। ग्रामीण मार्गों से अन्य जिला मार्ग एवं अन्य जिला मार्गों से प्रमुख जिला मार्ग परिवर्तन हेतु नयी नीति तैयार करें। व्यापक जनहित में ऐसा किया जाना आवश्यक है।

# यमुनापार का विकास तभी होगा जब बंद पड़े कारखाने चालू होंगे : डा संगम मिश्र

## मेजा के भरत मिलाप में भाजपा नेता का हुआ भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन

अखंड भारत संदेश





**मेजा।** यमुनापार क्षेत्र का सर्वांगीण विकास तभी संभव होगा जब क्षेत्र में बंद पड़े कारखाने चालू होंगे। लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उक्त उदगार वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी डा संगम मिश्रा ने बीते बृहस्पतिवार की रात मेजा खास बाजार में आयोजित भरत मिलाप कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि शुभारम्भ करने के दौरान उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए ब्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने यदि मुझे सांसद बनाया तो इन बंद पड़े कारखानों को पुनः चालू कराने का काम करूंगा जिससे क्षेत्र में रहने वाले बेरोजगारों को रोजगार का अवसर मिल सके। श्री मिश्र ने शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे विद्यालय खोले जाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि सिल्का सैंड का क्षेत्र के विकास में बहुत बड़ा योगदान होगा। इतना ही नहीं डा संगम मिश्र ने क्षेत्र में ग्लास फैट्री लगाने की भी जोरदार अपील किया। भाजपा नेता ने लोगो का आह्वान करते हुए कहा कि यमुनापार का पूर्ण विकास तभी होगा जब बंद पड़े कारखाने चालू होंगे। इसके पूर्व भरत मिलाप कार्यक्रम के आयोजक कमेटी द्वारा श्री मिश्र को स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इसी क्रम में शुक्रवार को श्री मिश्र ने मेजा क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क किया। इस दौरान वे दस्वार गांव में कमलकांत शुक्ला की माता जी के देहावसान पर संवेदना ब्यक्त किया। साथ ही साथ मांडा के हंडिया गांव में पूर्व प्रधान श्रीकांत द्विवेदी के साथ पूरे गांव में जनसंपर्क किया। भारत गंज में चांद मोहम्मद उर्फ चंदू पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यालय में वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से मुलाकात की और पूरे भारतगंज में घर-घर जनसंपर्क किया। उन्होंने राजापुर में भाजपा नेता भगवान दास कुशवाहा पूर्व चेयरमैन मंडी समिति देवचन्द्र पांडेय श्यामबाबू विश्वकर्मा जगदीश प्रसाद सरोज प्रवीण कुमार गुप्ता राजू सिंह अशोक कुमार दुबे हीरालाल मौर्य अवधेश प्रताप सिंह आदि के साथ बैठक कर पार्टी की नीतियों को साझा किया।

### आईजीआरएस का कमाल शिकायत कोटेदार की निस्तारण भूदान की

**कोराव।** सरकार ने भले ही आईजीआरएस द्वारा न सिकायतों के त्वरित निस्तारण और न्यायोचित कार्यवाही की व्यवस्था सुनिश्चित की है,किंतु अब उसका मजाक उड़ने लगा है,लोग शिकायतें कुछ करते हैं किंतु निस्तारण कुछ और किया जाता है। शिकायत कर्ता को खबर नहीं निस्तारण मनमानी अपलोड कर दी जाती है। तहसील कोरांव के सम्पूर्ण समाधान दिवस में कोटेदार अल्हवा के विरुद्ध घट तौली की शिकायत २१/१०/२०२३ को हुई थी, किंतु निस्तारण आपूर्ति विभाग के बजाय राजस्व विभाग चकबंदी कोराव के अशोक कुमार २७ अक्तूबर में निस्तारण कर रहे हैं कि उल्लेखित बिंदु मंदिर संबंधित महुली के भूदान की भूमि गाटा संख्या ७४० घ से संबंधित है और शिकयत कर्ता अपनी भूमि में कब्जा दखल है। इसी प्रकार कई ऐसे प्रकरण हैं जहां राजस्व लेखपालों और पुलिस वालों तथा आपूर्ति विभाग ने शिकायतों के सापेक्ष निस्तारण ही नहीं किया है। मुख्य मंत्री जी का ध्यान उक्त व्यवस्था की ओर लोगों ने समाचार पत्र के जरिए आकृष्ट किया है।

# नव निर्मित पुलिया का भाजपा नेता ने किया लोकार्पण



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा ब्लॉक के ग्राम पंचायत गुनई गहरपुर में नाले पर बनी पुलिया का भाजपा नेता ने लोकार्पण कर ग्रामीणों को समर्पित किया। संजय तिवारी के घर के सामने क्षेत्र पंचायत निधि से नवनिर्मित पुलिया का लोकार्पण भाजपा मण्डल मंत्री मेजा संजय तिवारी द्वारा फीता एवं केक काट कर किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हिंछ लाल तिवारी, मंगला प्रसाद तिवारी,राम हित तिवारी, राम कृष्ण तिवारी, सुरेंद्र मिश्र, अतुल द्विवेदी, सूरज शुक्ला, संदीप द्विवेदी,दया शंकर तिवारी, सुभाष तिवारी,ज्ञान द्विवेदी, धीरज द्विवेदी, दिव्यांशू तिवारी एवं ग्राम पंचायत के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# बलरामपुर बाजार में निकाली गई कलश यात्रा, भक्तिमय हुआ बाजार

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बलरामपुर बाजार से श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ के आयोजन पर शुक्रवार को बाजार में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा आर. पी गार्डन से बरेठी चौराहा से होते हुए यज्ञ स्थल पर घुमाया गया। जिससे बाजार भक्ति मय में डूब गया। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं और बेटियों ने सिर पर कलश लिए हुए चल रही थी। गांजे बांजे की धुन पर थिरकते लोग जय कारें लगा रहे थे। जिससे पूरा बाजार भक्ति रस में डूब गया वही जयकारे से बाजार गुंजायमान हो गया। कथावाचक महाराज निर्मल शरण, मुख्य यजमान सरोज केसरवानी पत्नी स्वर्गीय संतोष केसरवानी, संदीप केसरवानी (बच्चा), प्रियंका केसरवानी (गुंजा), संजय केसरवानी, अजय केसरवानी, सतीश केसरवानी, अनुज केसरवानी, अंकित केसरवानी समेत भारी संख्या में लोग कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा की अगुवाई प्रयागराज के महापौर गणेश चंद्र केसरवानी ने किया।

## 20 हजार नगदी, सफेद धातु के टुकड़े संग धरा गया चोर

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से सफेद धातु का टुकड़ा, बीस हजार रुपये नगदी के अलावा घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद हुई है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि धारा 379 के मामले में अभियुक्त दिनेश यादव पुत्र चंद्रिका यादव (निवासी ग्राम जोलहापुर, नाथपुर, थाना कंधरापुर, आजमगढ़) को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी शंकरगढ़ थाने की पुलिस टीम द्वारा शिवराजपुर चौराहा से चित्रकूट की तरफ जाने वाले रोड से की गई। उसके कब्जे से चोरी का सफेद धातु का टुकड़ा (1.2 किलोग्राम), चोरी के 20,000 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। सुसंगत धाराओं में आरोपी का चालान भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई संतोष कुमार सिंह, रामजीत यादव, प्रभुनारायण पांडेय, सिद्धार्थ मौर्य शामिल रहे।

# भरत मिलाप देखने मेजा में उमड़ी भीड़,चौकियों ने किया आकर्षित

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मेजा का ऐतिहासिक भरत मिलाप कार्यक्रम गुरुवार को शुरू हुआ और शुक्रवार सुबह संपन्न हुआ। वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने भरत मिलाप कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गणेश वंदना के बाद राम दरबार की आरती उतारकर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। रात भर सभी मार्गो पर आकर्षक झांकियों की शोभा देखते ही बन रही थी। भक्तिगीतों की धुन पर युवाओं का समूह थिरक रहा था। 4 वार्डों में विभाजित 4 चौकियों ने अपनी प्रतिभा दिखाने के बाद ऐतिहासिक बरगद पेड़ के पास मुख्य मंच के पास अलग अलग वार्डों ने अपने डीजे के साथ चौकियों का प्रदर्शन किया। रात भर निर्णायक मंडल की देखरेख में झांकियों का प्रदर्शन जारी रहा। शुक्रवार सुबह बरगद मोड़ पर बने मुख्य मंच पर भरत मिलाप कार्यक्रम के समापन की घोषणा हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा.संगम मिश्र ने कहा कि हम लोग बचपन से भरत मिलाप कार्यक्रम से जुड़े हैं। हमने भी झांकी सजाई है। ऐसा कार्य करने वाले हमारे नौजवानों को विशेष बधाई। झांकी सजाकर भरत मिलाप कार्यक्रम में शामिल होना आसान कार्य नहीं है। कई महीनों से इसकी तैयारी करके यह कार्य किया जाता है। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता योगेश शुक्ल, प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र,पूर्व प्रमुख मुन्नन शुक्ल,कोरांव चेयरमैन ओम केशरी, सिरसा के चेयरमैन विपिन केशरी, मेजा विधायक संदीप पटेल, भाजपा नेता अमरेश तिवारी, शशि द्विवेदी, मेजा प्रधान प्रतिनिधि पूर्व प्रमुख जंगीलाल गुप्ता ने शिरकत किया। सभी अतिथियों ने समिति के पदाधिकारियों को उत्कृष्ट आयोजन की बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान गुड्डू श्रीवास्तव ने किया। मेला महासमिति के अध्यक्ष मनीष गुप्ता सहित सभी पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। सभी चौकियों और वार्ड के अध्यक्ष अनिल केशरी,विशाल यादव, रामबाबू यादव और रामलीला अध्यक्ष कैलाश गुप्ता को अतिथियों की ओर से पुरस्कृत किया गया। मेले में शांति व्यवस्था के लिए मेजा पुलिस मुस्तैद रही। मेला महासमिति के संरक्षक हरिश्चंद्र त्रिपाठी (पत्रकार), वीरेंद्र यादव, योगेश जायसवाल, प्रवीण गुप्ता, राजबहादुर श्रीवास्तव, ओमजी मिश्र, पाली यू केशरी, हिमांशु, विवेक, लकी केशरी ने मेला सकुशल सम्पन्न होने पर खुशी जाहिर की है।

# कोराव में आयोजित किया गया रोजगार मेला

## विधायक कोराव राजमणि कोल ने गोस्वामी तुलसीदास विद्यालय में मेले का किया उद्घाटन





अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** निजी क्षेत्र की कंपनियां बेरोजगार युवाओं का रोजगार मेले के माध्यम से सीधे साक्षात्कार कर रोजगार देने का काम किया जा रहा है। यह बातें कोरांव भाजपा विधायक राजमणि कोल ने गोस्वामी तुलसीदास कृषक इंटर कॉलेज कोरांव के प्रांगण में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज व नेशनल करियर सर्विस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रोजगार मेले में उपस्थित युवाओं को संबोधित करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि कोल ने उपस्थित रोजगार कार्यालय के अधिकारियों से इसी तरह अन्य स्थानों पर मेले लगाकर बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की अपील की। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों ने युवाओं के आवश्यक दस्तावेज लेकर साक्षात्कार किया और चयन हेतु आवश्यक विधिक कार्यवाहियां की गई। रोजगार मेले में डिजर्व कैरियर प्राइवेट लिमिटेड ने पांच, ब्राइट फ्यूचर ने 22, गोल्डेन फार्मर ने 10, न्यूररा कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन ने 8, नेटफ्स फाउंडेशन ने 20 कुल 90 प्रतिभागियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 313 प्रतिभागी शामिल हुए थे। रोजगार मेले में सेवायोजन अधिकारी प्रशांत विश्व मोहन द्विवेदी, मारूफ अहमद तथा अन्य सभी सेवायोजन के कर्मचारियों के सराहनीय कार्य की विधायक ने प्रशंसा की। इस दौरान उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से गोस्वामी तुलसीदास कृषक इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्रदीप तिवारी, राजेश्वर तिवारी, प्रधानाचार्य राम जनम यादव, राकेश तिवारी, विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ल, भाजपा नेता बबुआन द्विवेदी सहित कई अन्य गाना मान्य लोग मौजूद रहे। कैरियर काउंसिलिंग आरबी वर्मा द्वारा की गई।

# भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है : सुश्री प्रज्ञा

अखंड भारत संदेश



**प्रतापपुर।** साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को हरीपुर मर्रो गांव में कथा वाचिका सुश्री प्रज्ञा देवी श्री धाम वृंदावन ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए।भागवत कथा कथा में कथा वाचिका ने सृष्टि विस्तार, कपिल देवहूति संवाद, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया।भजन गायिका प्रियंका दुबे, संगीतकार पवन प्रीत, विकास, योगेश द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर कुल गुरु दिलीप महाराज, मुख्य आचार्य पंडित सुरेश दुबे, मुख्य यजमान श्रीकांत तिवारी एवं धनराजी देवी, शिवदेवी, शीतला प्रसाद तिवारी, गुलाब देवी, लालमणि तिवारी, हीरामणि तिवारी, सुरेश तिवारी, दिनेश तिवारी, शैलेश तिवारी, सुभाष तिवारी, सुनील तिवारी, अनिल तिवारी, दीपक, अमित, दिलीप, विनीत, विमल, अनुज, विकास, वेंकटेश, कृष्णा, आरुष, हर्ष, ध्रुव, सुमित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# करौली शंकर महादेव जन जागरण पद यात्रा का हुआ स्वागत

**करछना।** राधारमण शिष्य सम्प्रदाय के काशी खण्ड अध्यक्ष विवेक खन्ना की अगुवाई में जन जागरण हेतु वाराणसी से निकली पद यात्रा का रामपुर में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा नेता और जागृति मिशन के संयोजक डॉ भगवत पांडेय ने भाजपाइयों के साथ पदयात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज रामपुर में रात्रि विश्राम के उपरांत यह पद यात्रा कल प्रयाग के लिए आगे बढ़ेगी। उक्त पदयात्रा की अगुवाई कर रहे विवेक खन्ना ने बताया कि बीते 14नवम्बर बनारस से निकली पद यात्रा विन्ध्याचल होते हुए रामपुर पहुंची है। इसमें सात प्रदेशों से कई लोग और दुबई से भी एक व्यक्ति शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसरों में किसी तरह की पशुबलि या हत्या न किए जाने का संदेश लेकर निकली जनजागरण पद यात्रा करौली शंकर महादेव धाम में कई तीर्थों से होते हुए समाप्त होगी।

### बारा पुलिस की गिरफ्त में आया पाक्सो एक्ट का वांछित

**बारा।** बारा पुलिस ने पाक्सो एक्ट के मामले में फरारी काट रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी घुरमी रेलवे फाटक के पास से की गई है। बारा थाने के एसआई कृष्ण कुमार सरोज ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम ललई का रहने वाला चांदबाबू पुत्र देवे थाने का वांछित था। चांद बाबू के खिलाफ थाना बारा में धारा 328, 363, 366, 354, 7/8 पाक्सो एक्ट व 3(2)व एससी/एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह फरारी काट रहा था। मुखबिर की सूचना पर उसे घुरमी रेलवे फाटक के पास से धर दबोचा गया। आरोपी का चालान भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल सुजीत कुमार और ठाकुर प्रसाद भी शामिल रहे।

# विश्वंभरपुर: 'तापस वेष बिसेषि उदासी, चौदह बरिस रामु बनबासी'

अखंड भारत संदेश





**प्रतापपुर।** ॐ साईनाथ रामलीला मंडल विश्वंभरपुर, मिजार्पुर के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन में दशरथ-कैकेयी संवाद, श्रीराम वन गमन, केवट प्रसंग सीता हरण की लीलाओं का भव्य मंचन किया गया।मंचन में महाराज दशरथ अपनी बढ़ती अवस्था को देखते हुए मंत्री परिषद से विचार-विमर्श कर श्रीराम को अयोध्या का राजा बनाने की घोषणा करते हैं, जिसे सुनकर अयोध्यावासियों में खुशी की लहर दौड़ जाती है सभी श्रीराम के राजतिलक की तैयारियों में लग जाते हैं।श्रीराम के राजतिलक का समाचार सुनते ही दासी मंथरा महारानी कैकेयी को भड़काती है और भरत को राजगद्दी पर बैठाने के लिए उकसाती है। महारानी कैकेयी उसकी बातों में आकर कोप भवन में चली जाती है, जहां वह महाराज दशरथ से दिए हुए दो वचन मांगती है, पहला भरत को राजगद्दी और दूसरे वचन में श्री राम को 14 वर्षों का वनवास, जिसे महाराज दशरथ अस्वीकार कर देते हैं।जब श्रीराम को पता चलता है तो अपने पिता के वचनों की लाज रखने के लिए खुशी-खुशी 14 वर्षों के लिए वन में जाने के लिए सहर्ष तैयार हो जाते हैं।रामलीला दशरथ मरण एवं रामलीला केवट संवाद, सीता हरण प्रसंग तक हुई।इस अवसर पर पंडित धर्मेंद्र शर्मा रसील, अध्यक्ष पंडित मुरलीधर शर्मा, कोषाध्यक्ष अंकुश दूधनाथ उपाध्याय, डायरेक्टर पुष्पेंद्र सिंह धनंजय, सह डायरेक्टर पंडित विशाल शर्मा, वरिष्ठ कलाकारों मे पंडित सुभाष चंद्र शर्मा, पंडित प्रकाश चंद्र तथा अतुल शर्मा, शुभम शर्मा, सागर शर्मा, अमन शर्मा, सचिन दुबे, आयुष पांडेय, शशिकांत तिवारी, केतन उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।ॐ साईनाथ रामलीला मंडल का पंच दिवसीय रामलीला का भव्य व दिव्य शुभारम्भ 14 नवंबर दिन मंगलवार से हुआ है जिसमे विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मुंबई के मशहूर व प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा अद्भुत रामलीला का मंचन किया जा रहा है।

# मेलाधिकारी ने पीडीए द्वारा कराए जा रहे चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण संबंधी कार्यों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**कटका तिराहा (नरेश गार्डेन) से झूंसी बस स्टैण्ड तिराहा, झूंसी रोड पर हो रहे कार्यों को असंतोषजनक पाया गया तथा रोड की सैम्पलिंग थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा कराने के निर्देश दिए गए**



**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा सभी कार्यों को समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण कराने के दृष्टिगत शुक्रवार को मेलाधिकारी, कुम्भ मेला श्री विजय किरन आनन्द ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे विभिन्न सडकों के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया। इसमें कटका तिराहा (नरेश गार्डेन) से झूंसी बस स्टैण्ड तिराहा, झूंसी, लोटस हास्पिटल से कटका रोड, झूंसी लेप्रोसी क्रासिंग से नैनी रेलवे स्टेशन, एडीए कालोनी से अरैल घाट रोड नैनी तथा अरैल बंध रोड नये यमुना ब्रिज से डी०पी०एस० स्कूल सम्मिलित हैं। कटका तिराहा (नरेश गार्डेन) से झूंसी बस स्टैण्ड तिराहा, झूंसी रोड के निरीक्षण के दौरान सड़क चौड़ीकरण का कार्य असंतोषजनक पाया गया जिस पर मेलाधिकारी ने संबंधित ठेकेदार को फटकार लगाते हुए वहां के रोड की सैम्पलिंग थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यूटिलिटी शिफ्टिंग के कार्य को सड़कों के चौडीकरण एवं सुदृढीकरण के कार्य के साथ साथ ही कराने के भी निर्देश दिए हैं। विकास प्राधिकरण द्वारा 40 सड़कों पर चौडीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य कराया जा रहा है जिसमें से 22 सड़कों में कार्य प्रारम्भ हो चुका है और शेष 18 सड़कों पर कार्य 15 दिसम्बर तक चालू हो जाएगा। यदि यह कार्य इस समय सीमा के अन्तर्गत प्रारम्भ नहीं होते हैं तो संबंधित अभियन्ताओं की जिम्मेदारी तय की जाएगी। मेलाधिकारी ने सभी कार्यों को डी०पी०आर० के मानक के अनुसार कराने तथा टीपीआईए द्वारा इनकी डेली सैम्पलिंग कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए हैं।तत्पश्चात उन्होंने मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। प्रयागराज में पर्यटकों को बढ़ाने एवं यहां आने वाले पर्यटकों की मानसिकता को और बेहतर तरीके से समझने के दृष्टिगत मेलाधिकारी ने एमएनएनआईटी से टूरिस्ट प्रोफाइलिंग एवं सेंटीमेंट एनालसिस स्टडी कराने के भी निर्देश दिए हैं जिसके अन्तर्गत एक पर्यटक की अपेक्षाओं को बेहतर तरीके से समझा जा सकेगा। इससे पर्यटन स्थलों के विकास में सहायता मिलेगी।डिजिटल म्यूजियम के प्रारूप पर चर्चा करते हुए उसमें पार्किंग स्थल, गेस्ट हाउस, फूड प्लाजा कल्चरल हाट जिसके अन्तर्गत देश के विभिन्न स्थानों से आये व्यक्ति अपना स्टाल लगा सकेंगे तथा डिजिटल गैलरी को विकसित करने का सुझाव दिया गया। इसे अब अनुमोदन हेतु मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही शहर के कुछ प्रमुख स्थलों जिसमें म्योहाल, पब्लिक लाइब्रेरी, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, हाईकोर्ट पत्थर गिरजा घर तथा शास्त्री ब्रिज पर फसाड लाइटिंग लगाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई।पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने उप निदेशक, पर्यटन द्वारा कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्यटन विभाग के कार्यों के क्रियान्वयन हेतु आबद्ध कार्यदायी संस्था प्रोजेक्ट कारपोरेशन एवं पर्यटन निगम द्वारा अभी तक किए गए सभी कार्यों का पिक्चर एवं पर्टचार्ट सहित प्रजटेशन करने के निर्देश दिए।मेला प्राधिकरण कार्यालय में दिनांक 18.11.2023 शनिवार को प्रथम चरण में मेला क्षेत्र से सटे 41 वार्डो के सभासदों के साथ समन्वय बैठक दोपहर 01.00 बजे रखी गयी है। द्वितीय चरण में शेष वार्डों के सभासदों से समन्वय बैठक अगामी सप्ताह में की जाएगी।

# शुआट्स : कर्मचारियों ने वेतन के लिए दूसरे दिन भी किया प्रदर्शन रजिस्ट्रार दफ्तर का घेराव



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शुआट्स में बकाया वेतन को लेकर दूसरे दिन शुक्रवार को भी सोसाइटी से जुड़े शिक्षकों ने रजिस्टार ऑफिस का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। शाम चार बजे इकट्ठा हुए शिक्षकों ने घेराव करते हुए बकाया वेतन को देने की मांग की। सूचना पाकर एसीपी व नगर मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे । उन्होंने रजिस्टर से बात करते हुए कर्मचारियों को बताया कि विश्वविद्यालय बकाया वेतन को लेकर बैंक से लोन के लिए अप्लाई किया है। लोन अप्रूव होते ही शिक्षकों के बकाया वेतन उनके खाते पर ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। वहीं शिक्षकों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में फीस के पैसे को कुलपति व अन्य लोगों के इलाज और मुकदमे में खर्च किया जा रहा है। मौके पर पहुंचे रजिस्टर सीजी वैशाली ने बताया कि बकाया बैकलॉग को देने के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन लगातार प्रयास कर रहा है।

## न्यूज झरोखा...

### महोरी रीवा गांव में सरकारी कूड़ा घर की भूमि पर अवैध कब्जे पर प्रशासन का चला बुलडोजर



**करछना।** प्रयागराज विकास खंड करछना अंतर्गत ग्राम पंचायत महोरी रीवा में कूड़ा घर बनाए जाने को लेकर प्रस्तावित सरकारी नवीन परती भूमि गाटा संख्या 912 पर लाखों रुपए की लागत से बनने वाले कूड़ा घर के लिए राजस्व विभाग द्वारा पैमाइश करके चिन्हित किया गया था,जिस पर गांव के ही दबंगों ने रातोंरात ईंट की दीवाल बना कर टीनसेट की चद्दर चढ़ा कर कब्जा कर लिया था, जिसमें लाखों रुपए की लागत से निर्मित होने वाले कूड़ा घर का कार्य बाधित हो गया था,जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान राजकुमार पटेल ने उपजिलाधिकारी करछना से शिकायत किया था, सरकारी कार्य में बांधा डालने वाले लोगों के खिलाफ मामले को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को एसडीएम एवं तहसीलदार राजस्व कर्मियों सहित पुलिस प्रशासन के साथ उक्त गांव पहुंचे और बुलडोजर चलवा कर अवैध कब्जे को हटवा दिया उस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणो का मजमा लगा रहा।

### सरगम रामलीला कमेटी रामगढ़ कोठारी की रामलीला शुरू



**प्रयागराज।** रामगढ़ कोठरी की ऐतिहासिक राम लीला गुरुवार से शुरूआत हो गयी है पहले दिन राम लीला पाठ में नारद मोह खेला गया कलाकारों की बेहतर कला देख ग्रामीण हजारो की संख्या में रामलीला देखने पहुँच गए इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष बैजनाथ भारतिया, अनंत कुमार पटेल, राम बाबू, सुरेन्द्र पटेल, प्रेमचंद, रतन कुमार, सुभाष, रमाशंकर, सूरज, कृष्ण बहादुर, सोनू राहुल, रामलोचन पटेल समेत सभी कमेटी के पदाधिकारियों ने कलाकारो को बेहतर कला पर बधाई दी राम लीला कार्यक्रम में हजारो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### पन्द्रह दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु मॉगे गये आवेदन पत्र

**प्रयागराज।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी/उ0प्र0 माटीकला बोर्ड प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया है, कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा जनपद प्रयागराज को वित्तीय वर्ष-2023-24 में 25 माटीकला से जुडे. कामगारों/कारीगरों को पन्द्रह दिवसीय माटीकला प्रशिक्षण मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, अनुवां, प्रयागराज से दिलाये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं। प्रशिक्षण आवासीय होगा जिसमें रहने खाने की सुविधा रहेगी तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात रू-1,500.00 प्रशिक्षुवृत्ति भी सम्बन्धित के बैंक खाते में देय होगी। इच्छुक माटीकला से जुडे कामगार/कारीगर निःशुल्क पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु दिनॉक-30.11.2023 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय विकास भवन परिसर प्रयागराज से आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते है। कृपया विशेष जानकारी हेतु मोबाइल नम्बर- 9580503176, 8840814211, 9935660570 एवं 6307901299 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### अतीक-अशरफ हत्याकांड की सुनवाई टली, कोर्ट में पेश हुए शूटर, अगली सुनवाई चार दिसंबर को

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्याकांड के आरोपी शूटर लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य को शुक्रवार को जिला सत्र न्यायालय में पेश किया गया। शूटरों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। सुनवाई शुरू होते ही आरोपी शूटर सनी सिंह के अधिवक्ता ने केस की तैयारी के लिए कोर्ट से समय देने की मांग की। जिस पर विचार करते हुए न्यायालय ने सुनवाई को चार दिसंबर के लिए टाल दिया।शुक्रवार को शूटरों लवलेश तिवारी, अरुण मौर्य और सनी सिंह को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई शुरू होते ही आरोपी सनी सिंह के अधिवक्ता रत्नेश शुक्ला ने केस की तैयारी के लिए कुछ समय देने का आग्रह कोर्ट से किया। कोर्ट ने केस की तैयारी के लिए समय देते हुए सुनवाई की अगली तिथि चार दिसंबर तय कर दी। जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि अगली तिथि पर केस में आरोप तय किए जा सकते हैं।

### दो भाईयों के बीच हुई मार पीट में दम्पत्ति लहूलुहान मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** परिवारिक बंटवारे को लेकर दो सगे भाईयों में मार पीट के दौरान दम्पत्ति को चोटें आयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सराय रैजोत गांव निवासनीय साधना मौर्या पत्नी बृजेश कुमार का आरोप है कि उसके पति अपने भाई से घरेलू बंटवारे को लेकर बातें कर रहे थे।आरोप है कि उनकी जेठानी और जेठ ने मिलकर उसे और उनके पति को लाठी डंडा से मार कर लहुलुहान कर दिए। साधना मौर्या ने मऊआइमा थाने में अपने जेठ हरिकेश और जेठानी पुष्पा मौर्या के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## डिजिटल तरीके से लगेगी मास्टर साहब की हाजिरी

**प्रयागराज।** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित स्कूलों को पूरी तरह से डिजिटलाइज करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सात जनपदों में नई व्यवस्था लागू की गई है। टाइम एंड मोशन स्टडी के संबंध में शासन की तरफ से जारी निर्देश के अनुसार शिक्षक डायरी को छोड़कर आय-व्यय पंजिका समेत सभी चीजों को डिजिटलाइज किया जाना है। जिससे स्कूलों होने वाले सभी क्रियाकलापों और पंजिकाओं की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सके।बेसिक शिक्षा विभाग ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में 209863 टैबलेट उपलब्ध कराए हैं। इसके साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति को डिजिटल करने की तैयारी शुरू हो गई है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सात जनपदों में 20 नवंबर से यह व्यवस्था लागू होगी। इसमें चयनित जनपदों के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को शामिल किया गया है।शुरूआत में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से शिक्षकों के विद्यालय आने और जाने का समय दर्ज किया जाएगा। जिसे प्रधानाध्यापक प्रमाणित करेंगे। प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज कराए गए मोबाइल नंबर से शिक्षक अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे।

**अद्भुत : रामलीला रंगमंच के अनूठे कलाकार हैं बालेन्द्र**

# पचास वर्षों से परशुराम का निभा रहे किरदार

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** छोटी उमर से ही रंगमंचों पर परशुराम जैसे अनूठे चरित्र केअभिनय को लेकर बालेन्द्र गौतम ने अपनी अलग पहचान बनाई है। जमुनापार,मेजा के कठौली निवासी बालेन्द्र को बीते दिनों अपने इस अभिनय को लेकर जमुनापार महोत्सव मंच पर विशिष्ट लोककलाकार हेतु सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि पहली बार अपने गांव के रामलीला मंचन के दौरान 1974में परशुराम के इस किरदार ने उन्हें क्षेत्र में सराहना दी। इसके बाद दर्शकों की प्रसंशा ने आगे बढ़ने के प्रति प्रेरित किया। अपनी इस भूमिका को लेकर धीरे धीरे पूरे जमुनापार में चर्चित हो गये। उनके प्रसंशको की संख्या बढ़ती गई तो कई विशिष्ट मंचनों के दौरान प्रदेश के कई विशेष मंचों पर उन्हें इस किरदार हेतु आमंत्रण मिलने लगा।कवित्त,छन्दों के साथ राधेश्याम,बसुनायक और किंकर रामायन से चयनित शब्दसंवाद जहां एक और दर्शकों को खूब प्रभावित करता वहीं अपनी बुलन्द आवाज, आक्रामक तेवर, स्पष्ट संवाद शैली और पहनावे के साथ साथ प्रस्तुति के एक अलग रंग और अंदाज को लेकर उन्हें उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई चर्चित रामलीला मंचों पर बीते पचास वर्षों से सम्मान और सराहना मिली। पिता स्वर्गीय इन्द्र बहादुर गौतम खुद एक चर्चित लोक कलाकार थे जिनका प्रभाव और प्रोत्साहन सदैव ऊर्जा देता रहा। आज इस भूमिका को लेकर उनके कई शिष्य भी हैं और तालीम लेने वाले कई कलाकार भी दूर दूर से आते हैं किन्तु पैंसठ बरस के उमर में आज भी उनके अभिनय में वही रंग,वही ठनक और पुराना तेवर जीवन्त है।इसे लेकर परशुराम के किरदार की पहचान बनाने वाले बालेन्द्र गौतम को इसी नाम से पुकारा जाता है जो उनके लोकजीवन में इस अद्भुत चरित्र भूमिका से जुड़कर अपने कुल परिवार,गांव और जमुनापार को सुदूर एक विशेष पहचान दे चुका है। अपनी माटी के इस अनूठे कलाकार को दीर्घायु होने की कामना करता महोत्सव मंच उन्हें सम्मानित करते हुए गौरवान्वित हुआ है।

# पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्र के बेटे विष्णु मिश्र की जमानत अर्जी खारिज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्र के बेटे विष्णु मिश्र को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। महिला को धमकी देने के मामले में कोर्ट ने विष्णु मिश्र की जमानत याचिका खारिज कर दी। साथ ही मामले से जुड़े केस के ट्रॉयल को छह माह के अंदर पूरा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने याची को यह छूट दी है कि वह चाहे तो मामले में नए सिरे से जमानत के लिए याचिका दायर कर सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजबीर सिंह की एकल पीठ ने विष्णु मिश्रा की अर्जी को स्वीगकार करते हुए दिया है।वाराणसी के जैतपुरा थाने में 2021 में आपराधिक षड़यंत्र, हत्या के प्रयास सहित विभिन्न मामलों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसमें पूर्व विधायक विजय मिश्र के बेटे विष्णु मिश्र सहित पूरे परिवार को आरोपी बनाया गया था। निचली अदालत ने जमानत अर्जी को निरस्त कर दिया था। जिसको विष्णु मिश्र ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट में बताया कि याची

**वाराणसी में दर्ज हुआ था केस**

के पिता विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं। षड़यंत्र के तहत उनके बेटे को फंसाया गया है। प्राथमिकी में याची के खिलाफ कोई विशेष आरोप नहीं लगाया गया है। एफआईआर भी घटना के नौ महीने बाद दर्ज कराई गई थी। घटना में याची सहित उसके पूरे परिवार को आरोपी बनाया गया है।

**व्यापार को लेकर पक्षकारों से चल रहा है विवाद :** याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि व्यापार से जुड़े मामले में पक्षकारों से विवाद चल रहा है। जिसमें कृष्ण मोहन तिवारी और उसकी मां से व्यवसाय से जुड़े मामले को लेकर विवाद था। जिसको लेकर सिविल और क्रिमिनल के पहले से ही कई मुकदमे लंबित हैं। इसी को लेकर साजिश के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। यह भी कहा कि पक्षकारों का एक गिरोह है और उन लोगों ने कई लोगों के साथ मिलकर एक झूठी एफआईआर दर्ज कराई।सरकारी अधिवक्ता ने इसका विरोध किया। कहा कि याची के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। इस घटना में उसका पूरा हाथ है वह पक्षकारों को लगातार धमती देता है। लिहाजा अर्जी खारिज करने योग्य है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। ट्रायल कोर्ट को छह माह में केस को निस्तारत करने का आदेश दिया है।

**महिला ने लगाया धमकी देने का आरोप :** दरअसल गोपीगंज भदोही की एक महिला ने 13 सितंबर 2021 को पूर्व विधायक विजय मिश्रा, बेटे विष्णु मिश्रा, विकास मिश्रा, रीमा पांडेय, सीमा पांडेय, गरिमा तिवारी, सतीश मिश्रा, प्रकाश चंद्र मिश्रा, राज दुबे, रतन मिश्रा, मुकेश तिवारी, विमल धर दुबे और अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। महिला की शिकायत पर आईपीसी की धारा 147, 149, 252, 323, 504, 506,307, 511, 392 और 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज है. शिकायतकर्ता महिला का आरोप था कि उस पर पूर्व में दर्ज कराये गए एक मुकदमें में सुलह के लिए दबाव डाला जा रहा है और ऐसा नहीं करने पर धमकी दी जा रही है।

## फर्जी अधिवक्ता ने थाने में काम कराने के नाम पर 3 हजार हड़पा

**मऊआइमा।** गंगापार का थाना मऊआइमा पहले से ही दलाली रिश्वतखोरी के लिए बदनाम है। शुक्रवार को एक दम्पत्ति का पुलिस से काम कराने के नाम पर एक फर्जी अधिवक्ता ने तीन हजार रूपया हडप कर चम्पत हो गया। दम्पत्ति ने इसकी लिखित शिकायत मऊआइमा थाने की है। पुलिस के नाम पर पैसा लेने वाले आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जमखुरी निवासी वीरेन्द्र कुमार पटेल तथा उनकी पत्नी माधुरी देवी घर का विवादित दीवाल निर्माण के लिए थाने में आए।बताते हैं कि थाने के अन्दर एक फर्जी अधिवक्ता ने पुलिस से काम कराने के नाम पर तीन हजार रूपया हडप कर चम्पत हो गया। माधुरी और उसका पति वीरेंद्र कुमार दोपहर से देर शाम तक थाने से लेकर घूम घूम कर सब को बता रहे हैं। पुलिस ने दम्पत्ति से तहरीर लेकर आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस फर्जी अधिवक्ता दलाल की शिनाख्त कर तलाश में जुटी हुई है। उक्त घटना पूरे थाना पडाव चौराहे पर व्याप्त है। मऊआइमा पुलिस का कहना है कि दलाल ने पुलिस के नाम पर थाने के बाहर पैसा वसूला जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## हाईकोर्ट समाचार

### फागिंग में हो रहा डीजल का प्रयोग, मच्छर बेलगाम, हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को ठोस कदम उठाने का दिया निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शुक्रवार को प्रयागराज सहित यूपी के अन्य जिलों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित मच्छरों से फैली बीमारियों पर अंकुश लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यूपी सरकार के अधिकारियों पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि बीमारी पर नियंत्रण के लिए ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। कोर्ट ने यूपी सरकार को कहा कि वह इस मामले में ठोस कार्रवाई करें और मच्छर जनित बीमारियों से लोगों को बचाए। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति अजय भनोट की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।इसके पहले सुनवाई के दौरान न्यायमित्र व इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव नितिन शर्मा ने कोर्ट को जानकारी दी की अधिकारियों द्वारा मच्छरों पर काबू पाने के लिए कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। पर्याप्त मात्रा में फांगिंग नहीं कराई जा रही है। जहां, फागिंग हो भी रही है, उसमें डीजल का प्रयोग किया जा रहा है। जिसका, असर मच्छरों पर नहीं पड़ रहा है।

### हाईकोर्ट के 26 अनुभाग अधिकारी बने सहायक निबंधक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन ने 26 अनुभाग अधिकारियों को पदोन्नति देते हुए उन्हें सहायक निबंधक बना दिया है। महानिबंधक राजीव भारती की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।जारी अधिसूचना के मुताबिक सेवा संवर्ग के पंकज श्रीवास्तव (लखनऊ), अशोक कुमार भास्कर, पियूष कुमार श्रीवास्तव (लखनऊ), राजीव मोहन वर्मा, इन्द्र शेखर प्रसाद, शुशील कुमार, डामर सिंह (लखनऊ), सुलतान सिंह (लखनऊ), शशिकांत सिंह गौर, ओंकार नाथ यादव, मंजू रानी, राजाश्रय तिवारी, नीलम सिंह, धीरूल तिवारी, राकेश सिंह, मनोज कुमार भट्ट, फैजान मोहम्मद, शिव कुशल सिंह (लखनऊ), सूरज दीन, शकील अहमद, पुष्पराज मिश्र, सत्य नारायन (लखनऊ), राम मिलन द्वितीय, राम प्रकाश (लखनऊ), अशोक कुमार द्वितीय, मनोज कुमार पांडेय को अनुभाग अधिकारी के पद से सहायक निबंधक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है।उच्च न्यायालय कर्म अधिकारी संघ के महासचिव बृजेश कुमार शुक्ल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह आदि ने पदोन्नति प्राप्त करने वाले अधिकारियों को बधाई दी है।

### 32 साल पुराने दुष्कर्म के मामले में आरोपी बरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बदायूं के मुजरिया थाने में 32 साल पहले दर्ज हुई रेप की घटना में आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष संदेह से परे आरोपों को साबित करने में नाकाम रहा है। लिहाजा, आरोपी जमानत पर हैं, उनके जमानत बंध पत्र को रद्द कर दिया जाए और जमानतदारों को मुक्त करने को कहा है। निचली अदालत के रिकॉर्डो को वापस भेजने का आदेश : इसके साथ ही उन्हें रिहा किया जाए। कोर्ट ने निचली अदालत के रिकॉर्डों को वापस भेजने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति नंद प्रभा शुक्ला ने आरोपी शमीम व दो अन्य की आपराधिक अपील को स्वीकार करते हुए दिया है। वादी मुकदमा के अनुसार मुजरिया थाने में 14 नवंबर 1991 को आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि भूमि विवाद में जब उसका पति बाहर गया था तो आरोपी शमीम अपने दोस्तो शफीक, खर्शीद और अशफाक केसाथ 12/13 नवंबर की रात उसे उसके घर से घसीट ले गए और गन्ने के खेत में बारी-बारी से रेप किया। सत्र न्यायालय ने आरोपियों को आजीवन कारावास और 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए सत्र न्यायालय केफैसले को रद्द कर दिया और आरोपियों को बरी कर दिया।

# स्कूली बच्चों ने जानी शुद्ध पेयजल की सप्लाई से लेकर आपूर्ति तक की प्रक्रिया

**अखंड भारत संदेश**

- प्रयागराज में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से जल ज्ञान यात्रा का आयोजन
- नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से गंगा सफाई के प्रयासों की दी गई जानकारी
- जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना के बारे में बच्चों को दी गई जानकारी
- हर घर जल योजना से गांवों तक पहुंच रहे फायदे को बच्चों ने जाना
- फाफामऊ एसटीपी पर बच्चों ने देखी गंगा सफाई अभियान की झलक



**प्रयागराज।** नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अनूठी पहल जल ज्ञान यात्रा का शुभारंभ अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण प्रवीण कुट्टी व जिला समन्वयक अश्वनी कुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। जल ज्ञान यात्रा के माध्यम से स्कूली बच्चों को जल के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। यात्रा में स्कूली बच्चों ने शुद्ध पेयजल की सप्लाई से लेकर आपूर्ति तक की प्रक्रिया को अपनी आंखों से देखा। बच?चों को गंगा सफाई के प्रयासों की जानकारी देने के साथ उनको सीवर ट्रीटमेंट प्लांट भ्रमण कराया गया। जल निगम की प्रयोगशाला में की जाने वाली जांच की उपयोगिता बताने के साथ ही उनको शुद्ध पेयजल सप्लाई से परिपूर्ण हर घर जल गांव घुमाया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने नल से शुद्ध पेयजल प्राप्त कर रहे ग्रामीणों से बातचीत की और भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से मिले फायदे को जाना।जल जीवन मिशन की जल ज्ञान यात्रा का उद्देश्य स्कूली बच्चों को जल के प्रति जागरूक करना और पेयजल परियोजनाओं का सहभागी बनाना है । शुक्रवार को इस कड़ी में स्कूली बच्चों ने पेयजल परियोजनाओं का भ्रमण करते हुए भूजल और ग्रे वाटर ट्रीटमेंट सहित अन्य संबंधित मुद्दों के बारे में जानकारी हासिल की। स्कूली बच्चों को शाहबाजपुर मॉडल गांव का भ्रमण कराया गया। यहां बच्चों को जल संचयन और पानी की बचत के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद स्कूली बच्चों को शाहबाजपुर के फाफामऊ एसटीपी ले जाया गया। यहां उनको गंगा सफाई अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। बच्चों ने यहां गांव-गांव तक पहुंचाई जा रही पानी सप्लाई की प्रक्रिया को देखा। फील्ड टेस्ट किट से पानी की जांच करती महिलाओं ने बच्चों को बताया कि किस तरह से एफटीके किट से पानी की जांच की जाती है। जल ज्ञान यात्रा में स्कूली बच्चों को बताया गया कि हर घर जल योजना से ग्रामीण परिवार किस तरह से लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही योजना लागू होने के पहले हो रही दिक्कतों और वर्तमान में फायदे का अंतर भी समझाया गया। हर घर नल से जल योजना लागू होने के बाद जलजनित बीमारियों में आने वाली कमी और समय की बचत के बारे में भी स्कूली बच्चों को जानकारी दी गई।

## चोरों ने दुकान का ताला तोड़ हजारों का माल किया साफ

**मऊआइमा।** चाय नाश्ते की दुकान का दरवाजा तोड कर चोर हजारों के सामानों पर हाथ साफ कर दिए।चोर की तस्वीर सीसी कैमरे में कैद हो गई है। मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला महतवाना निवासी अच्छे पुत्र महमूद बडी मस्जिद के निकट चाय, नाश्ता,पान, सिगरेट आदि की दुकान किए हुए है। बताया गया है कि बीती रात को उसकी दुकान का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने सामान और नगदी आदि हजारों का सामान चोर चोरी कर ले गए। चोरों की फोटो सीसी कैमरे में कैद हो गई है।जिसकी तलाश में लोग जुटे हैं। हालांकि इसकी सूचना पुलिस को दी गई है।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा महर्षि दुवार्सा इंटर कॉलेज ककरा दुबावल इलाहाबाद का हाइस्कूल सन 1994 का सनद खो गया है। जिसका अनुक्रमांक 0730715 है।

**मिथिलेश कुमार सिंह पुत्र भारत सिंह कोटवा जमुनीपुर प्रयागराज।**

## नहाय खाय के साथ शुरू हो गया सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार से सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा का कार्यक्रम नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। यह पर्व चार दिनों तक चलेगा। छठ के पहले दिन लोग घरों में अपने चूल्हा पर विधि विधान से भोजन बनाने के बाद खाते हैं और आसपास लोगों को बांटते हैं। तीसरे दिन सई नदी के किनारे शाम को ढलते सूर्य को अर्घ्य देंगे और चैथे दिन उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर छठ पूजा का समापन होगा। इसके लिये बेल्हा देवी में भी तैयारी हो रही है। नगर पालिका दो दिनों से बेल्हा देवी घाटों की सफाई कर रही है और बेल्हा देवी धाम को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। तीसरे दिन सायंकाल पर सूर्य अर्घ्य के दौरान वहां पर मेला जैसा दृश्य दिखाई पड़ता है जिसकी उपासना आज से शुरू हो गई।

# मोटे अनाज का दैनिक जीवन में प्रयोग कर उठाएं लाभ: विधायक

## दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का कृषि भवन परिसर में हुआ शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना (न्यूट्रीसीरियल घटक) के अन्तर्गत आयोजित दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव/मेला का भव्य तरीके से कृषि भवन परिसर में शुभारम्भ किया गया। मिलेट्स महोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान महोत्सव में पहुॅचे अतिथियों का उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा स्वागत करते हुये मिलेट्स के उत्पाद भेंट किया गया।

मिलेट्स महोत्सव/मेला में मिलेट्स पर आधारित स्वादिष्ट व्यंजनों एवं विभिन्न विभागों की



मिलेट्स महोत्सव का फीता काटकर उद्घाटन करते डीएम।

लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष विजय मिश्रा व अन्य जनप्रतिनिधिगणों, अधिकारियों एवं किसान भाईयों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनपद के कोने कोने से लगभग 2000 की संख्या में किसानों ने सहभागिता निभाते हुये मिलेट्स के उत्पादों का वृहद अवलोकन किया। मिलेट्स महोत्सव में मोटे अनाज पर आधारित लगायी गयी स्वादिष्ट व्यंजनों की प्रदर्शनी आकर्षक का केन्द्र बनी रही और अतिथियों द्वारा मिलेट्स के व्यंजनों को चखकर खूब प्रशंसा भी की। मिलेट्स महोत्सव में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने मिलेट्स फसलों एवं उत्पादों के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु लोगों को प्रेरित किया। उन्होने मिलेट्स महोत्सव के आयोजन हेतु उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कृषि विभाग के कार्यो की प्रशंसा करते हुये कहा कि मोटे अनाजों के प्रति बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित मेला प्रशंसनीय है। उन्होने कहा कि मिलेट्स से लोग जुड़े और मिलेट्स के उत्पादों का घर में प्रयोग करें, मोटे अनाज के सेवन से शरीर स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने भी मिलेट्स उत्पादों के प्रति अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान उप कृषि निदेशक ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

## अमेरिकी प्रशासनिक परिषद में भारतीय मूल की महिला का शामिल होना सफलता का परचम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ताओं की हुई बैठक में अमेरिका में भारतीय मूल की अमेरिकी विधिवेत्ता शकुन्तला एल भाया को वहां की प्रशासनिक परिषद का महत्वपूर्ण सदस्य नामित होने पर प्रसन्नता जतायी गयी।

बैठक को संबोधित करते आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के द्वारा भारतीय मूल की शकुन्तला को सौंपी गयी यह जिम्मेदारी भारतीय न्यायिक क्षेत्र के मौलिक गौरव का अन्तर्राष्ट्रीय सफलता का परचम है। उन्होंने कहा कि शकुन्तला एस के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के अधिकाधिक पदीय निर्वाचन तथा वंचित समुदाय के अधिकारों में संघर्ष और निराश्रित बच्चों को गोद लिये जाने में दक्षिण एशियाई भारतीय मूल की महिला के रूप में दिये जा रहे योगदान को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल सका है। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश तथा संचालन पूर्व उपाध्यक्ष विपिन शुक्ल ने किया।

इस मौके पर शिव नारायण शुक्ल, विकास मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, संतोष पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, शिव प्रसाद यादव, घनश्याम सरोज, हरिश्चंद्र पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह, जान्हवी प्रताप सिंह, मो. असलम, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, अशोक मौर्या, भास्कर शुक्ला, शैलेन्द्र शुक्ला, संदीप सिंह, रूद्र प्रताप पाण्डेय, अजय सिंह, रवीन्द्र नाथ तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

## प्रधान ने तालाब व चारागाह की जमीन पर जमाया कब्जा, मुख्यमंत्री से हुई शिकायत

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रधान द्वारा तालाब व चारागाह की जमीन पर अवैध कब्जा किये जाने को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से शिकायत कर कब्जा हटवाने की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने प्रधान को दबंग बताते हुए मुख्यमंत्री से मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई कराने की गुहार भी लगाई है। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत ग्रामसभा फूलपुर के प्रधान द्वारा तालाब व चारागाह की जमीन पर अवैध कब्जा करने को लेकर भेजे गये शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने कहा है कि प्रधान दबंग किस्म के व्यक्ति हैं। उन्होंने तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर उस पर मकान भी बना लिया है। वहीं चारागाह की भूमि पर भी कब्जा जमा रखा है। ग्रामीण बंशी लाल पुत्र रामभरोस, रामबहादुर पुत्र रामसमुझ, राधेश्याम पुत्र रसिक लाल, ओंकारनाथ पुत्र कुटटूराम, जीतलाल पुत्र झल्लीराम, चंद्रपाल विश्वकर्मा आदि ने मुख्यमंत्री को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि प्रधान व उसके साथी के सरहंग होने के कारण सक्षम अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नही हो रही है। ग्रामीणों ने उक्त भूमाफियाओं के कब्जे से जमीन को खाली कराए जाने व उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराये जाने की मांग उठाई है।

## जमीनी विवाद में दबंगों ने युवक पर किया तलवार से हमला

**प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में दबंगों ने पड़ोसियों पर तलवार से हमला कर दिया। इसमें महिला समेत तीन को गंभीर चोटें आई है। कुंडा पुलिस मामले की छानबीन बर रही है। बता दें कि कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के सिलावटपुर गांव निवासी राम नरेश के ऊपर दबंगों ने तलवार से हमला बोल दिया, जिसमें वह लोग घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल भेजा। मामले की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है।

# नगर पालिका व नगर पंचायत के सभासदों का हुआ प्रशिक्षण

## सदर विधायक, नगर पालिकाध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे मौजूद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** तुलसी सदन हादीहाल में शुक्रवार को पांच जिलों के नगर पालिका, नगर पंचायत सभासद को भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में तीन सत्र का प्रशिक्षण वर्ग नगर पालिका, नगर पंचायत सभासद का संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत करने से पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग के मुख्य वक्ता और मुख्य अतिथि दिलीप सिंह पटेल क्षेत्रीय अध्यक्ष के द्वारा संपन्न किया गया। प्रशिक्षण का विषय सफल कहानियां व सफलता रहा। इस




तुलसी सदन में आयोजित सभासदों के प्रशिक्षण में बोलते क्षेत्रीय अध्यक्ष।

पर प्रकाश डाला गया तथा प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम समापन की घोषणा की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने किया।

इसके पूर्व प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता क्षेत्रीय महामंत्री शुशील त्रिपाठी रहे। उन्होंने भाजपा का इतिहास पर प्रकाश डाला और विस्तृत रूप से जानकारी दिया। इस प्रथम सत्र की अध्यक्षता सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने की। द्वितीय सत्र में पूर्व मंत्री मोती सिंह का संबोधन केंद्र व प्रदेश सरकार के विषय पर प्रकाश डाला और विस्तृत रूप से प्रशिक्षण वर्ग को प्रशिक्षित किया। इस द्वितीय सत्र में नगर पालिका, नगर पंचायत सभासद को प्रशिक्षण दिया। चतुर्थ सत्र में सभासदों ने अपनी सफल कहानियां अनुभव साझा किया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी में दिनेश सिंह, धर्मशील शुक्ल, राहुल सिंह मऊआइमा के सभासद एवं हरिप्रताप सिंह नगर पालिका अध्यक्ष ने अनुभव साझा किया। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष देवानंद त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में राजेश सिंह, रामआसरे पाल, आशुतोष सिंह, सुनील दूबे, तुषार दत्त शुक्ला, आलोक गर्ग, अशोक सरोज राघवेन्द्र शुक्ला, देवेश त्रिपाठी सहित सभी सभासद उपस्थित रहे।

## मेडिकल कॉलेज में सर्जरी से निकाली गई पित्त नली से पथरी

### राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में पहली बार हुई सर्जरी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पित्त की नली की पथरी का टेढ़ा आपरेशन भी अब डाक्टर सोने लाल पटेल मेडिकल कालेज में होगा। यहां के डाक्टरों ने एक ऐसा ही आपरेशन किया है। जो पहली बार हुआ है। इसके लिए सीएमएस और प्रिंसिपल ने सर्जरी स्टाफ की सराहना की है।

जेठवारा बढ़नी की विद्या (45) के पित्त की नलकी में करीब साढ़े तीन सेंटीमीटर की पथरी हो गई थी। इतनी बड़ी पथरी इंडोस्कोपी से भी नहीं निकल सकती थी। वह प्रयागराज मेडिकल कालेज भी गई लेकिन लाभ नहीं हुआ। डाक्टरों ने ईआरसीपी करने से मना कर दिया। बताया जाता है कि मरीज ने राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के सर्जन डॉक्टर केके त्रिपाठी को दिखाया। जांच में पता चला कि पथरी बड़ी है। फिलहाल मरीज की पीड़ा को देखते हुए डाक्टर केके ने उसका इलाज कराने का मन बनाया और सफल सर्जरी की। इस ऑपरेशन की सुविधा होने से जिले के मरीजों को इलाज के लिए गैर जनपद में जाने की जरूरत नहीं होगी। सर्जन डाक्टर केके के अनुसार मरीज विद्या के पित्त की नलकी में करीब साढ़े तीन सेंटीमीटर की पथरी थी। जिसका आपरेशन जटिल था। फिलहाल मरीज अब स्वस्थ है। प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि नलकी में पथरी की सर्जरी की सुविधा अब मेडिकल कालेज में हो गई। डाक्टर केके और उनकी टीम ने अच्छा कार्य किया है। सीएमएस ने सर्जन और उनकी टीम में शामिल डाक्टर राकेश चैरसिया, बबूना और ओम प्रकाश की सराहना की है। गौरतलब है कि हड्डी के बाद अब सर्जरी विभाग ने जटिल आपरेशन शुरू कर दिया है, जो कि मरीजों के लिए अच्छी खबर है।

# ग्राम प्रधानों व समहू की सक्रिय महिला सदस्यों के प्रशिक्षण का हुआ समापन

## ग्राम प्रधान व समूह के सक्रिय महिला सदस्यों को मास्टर ट्रेनर ने दिया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान आरजीएसए योजनांतर्गत पी पी आई एव एस एच एस कन्वजर्स हेतु ग्राम प्रधानो व समूह के सक्रिय सदस्यों को ब्लाक कालाकांकर के सभागार कक्ष मे गुरुवार व शुक्रवार को दो दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण दिया गया जिसका समापन शुक्रवार को किया गया। जिसमे प्रतापगढ़ अफीम कोठी ट्रेनिंग सेंटर के प्रवीण कुमार शुक्ला, खंड विकास अधिकारी कालाकांकर प्रवीन कुमार श्रीवास्तव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमार शुक्ला व आईएसबी ग्राम पंचायत सचिव ब्यास कुमार मौर्य व मास्टर ट्रेनर



प्रशिक्षण की ट्रेनिंग मे मौजूद ग्राम प्रधान पंचायत सचिव व समूह की महिलाएं।

राजेश प्रभाकर सिंह रहे।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान योजनांतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मे मौजूद ग्राम प्रधानों व समूह के सक्रिय महिला सदस्यों को मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण दिया जिसमे पंचायत राज से संबधित बैठक कार्यो पर चर्चा किया जिसमे समूह गठन, समूह के क्रिया कलाप, नारी सशक्ति करण,महिलाओ के क्षमता वर्धन आदि के बारे मे विस्तार से चर्चा किया। प्रशिक्षण मे ग्राम प्रधान सुरेश यादव, डा० सतपाल वर्मा, बब्लू यादव, शरद श्रीवास्तव, जोखू यादव, दिलीप मौर्य, ब्रजेश यादव, अर्जुन कुमार, राजकुमार, सियाराम मौर्य, अनिल मौर्य, रामखेलावन पटेल, युवराज साहू,प्रभाकर पटेल,डा0 मनोज पटेल, कुलदीप जायसवाल, राजेंद्र सिंह उर्फ तालुकदार सिंह, सुधीर सिंह, प्रकाशचंद्र त्रिपाठी, ओ पी उपाध्याय, प्रदीप गुप्ता,संतोष यादव, मोनू, मनोज कुमार त्रिपाठी, अजय कुमार पटेल, गेंदलाल, पप्पू चुडिहार, व ग्राम पंचायत अधिकारी रविशंकर सोनकर, आफताब अहमद, अनुराग यादव, श्रीराम, प्रभांशु पांडे, शशिकांत सिंह, ज्योति यादव, उर्मिला यादव, आर पी यादव, सुशील जायसवाल, अभिषेक शुक्ला साहू, पन्नालाल, योगेश, सत्यनारायन, शिव प्रकाश, संदीप कुमार, समहू की सक्रिय महिला सदस्यों के साथ ब्लाक के स्टॉफ मौजूद रहे।

## दुर्घटना में मृतक युवक की नहीं हो सकी शिनाख्त

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को भी उसकी शिनाख्त नही हो सकी। पुलिस ने अज्ञात में शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया है। लालगंज कोतवाली के अगई बार्डर के पास गुरूवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने टेम्पो में टक्कर मार दिया था। जिससे टेम्पों पर सवार दूलीचंद का पुरवा नरायनपुर निवासी अडतालिस वर्षीय श्रीनाथ और करीब चालीस वर्षीय एक अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गये थे। लालगंज ट्रामा सेण्टर में घायल अज्ञात युवक की मौत हो गयी। निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी का कहना है कि मृतक अज्ञात युवक की शव की शिनाख्त नही हो सकी है। अज्ञात में शव को मर्चरी हाउस में रखवाया गया है। बहत्तर घण्टे में शिनाख्त न हो पाने पर लावारिस में पीएम के बाद शव का अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

## संगम इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक खेलकूद में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, जिलाधिकारी ने की शिरकत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव के मौके पर संगम इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में अपना कौशल दिखाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा किया गया। विद्यालय के प्री प्राइमरी सेक्शन के दिव्यांश, स्तुति, आयशा, स्वास्तिक, सौमिक, निशांत, पीहू, आर्यन, वैभवी, सूर्यांश, सृष्टि, अनमोल, अथर्व, लक्ष्य आदि बच्चों ने पिक अप द बॉल, फन रेस, कैप द कोन, जिग-जैग गेम में क्रमशः स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक हासिल किया। इसके बाद कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों मानवी, हर्षिता, अवनी, रिशा, जागृति, फरहान, अम्मार, मानव, देवांश, यशवंत,



प्रमाण पत्र के साथ विजेता खिलाड़ीगण।

आयुष, अध्ययन, कृष्णा, आदेश, अंशु, शाहनवाज, काव्या, निकिता, शौर्य, वीर, विकास, शुभ, मोहम्मद अबू हमजा आदि ने सिंप्रट रेस, पासिंग द बॉल, नमस्ते टीचर, लॉन्ग जंप, खो-खो, कबड्डी, 100 एवं 50 मीटर रेस, रस्साकशी आदि प्रतिस्पधाओं में क्रमशः स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किया। इास दौरान जिलाधिकारी ने सभी बच्चों को खेल के महत्व के विषय में बताया और उन्हें इसे बड़े स्तर पर ले जाने की बात कही। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार शर्मा एवं कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए सभी सम्मानित आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। वार्षिक खेल उत्सव में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी दी।

# रेलवे फाटक के ट्रैक पर गिरा धान का पुआल, हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के परियाँवा रेलवे स्टेशन के 35 सी रेलवे फाटक पर शनिवार की दोपहर लगभग 2 बजे मालगाड़ी के आने के पूर्व रेलवे फाटक बंद करने के दौरान एक ट्रैक्टर की ट्राली पर लदा धान का पैरा ऊबड़ खाबड़ गेट की सड़क पर गुजरते समय रस्सा ढीला हों जाने से धान का पुआल अचानक रेलवे ट्रैक पर गिर गया।

ट्रैक पर धान का पैरा गिरते ही रेल विभाग मे हड़कंप मच गया गेट मैन ने मामले की जानकारी स्टेशन मास्टर को दिया सामने से आ रही मालगाडी को रेलवे फाटक के पहले लाल सिंग्नल देकर रोक दिया गया लगभग 20 मिनट बाद

### ऊंचाहार की तरफ से फाफामऊ को जा रही बैगन माल गाडी को रोका गया

रेलवे ट्रैक पर गिरा पुआल हट जाने के बाद मालगाड़ी को हरी सिंग्नल देकर आगे के लिए रवाना किया गया इस दौरान मोहकमा मे अफरा तफरी मची रही रेलवे मास्टर ने मामले की जानकारी को जीआरपी व आरपीएफ के साथ अपने अधिकारियों को अवगत कराया मौके पर ऊंचाहार आर पी एफ के साथ पी डब्लू आई सईद अहमद भी पहुँचे और मामले की जाँच पड़ताल मे लगे रहे घटना के बारे में आस पास के लोगो से जानकारी किया। बता दें कि 35 सी रेलवे फाटक से गुजरने वाली सड़क क्षतिग्रस्त होने से आये दिन लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है कभी कदाप सड़क के क्षतिग्रस्त होने से चार पहिया वाहन बीच मे ऊबड़ खाबड़ होने से फंस जाते है जिस पर रेल विभाग के पी डब्लू आई ध्यान नही दे रहे है यदि रेलवे फाटक की गुजरने वाली सड़क क्षतिग्रस्त न होती तो शायद रेलवे ट्रैक पर ट्रेन आने के समय धान का पैरा ट्रैक्टर ट्राली से न गिरता मौके पर पहुंची पुलिस हर बिदुओ पर जाँच पड़ताल कर रही है कि रेलवे ट्रैक पर किस कारण ट्रेन आने के समय घटना घटी संयोग अच्छा था कि गेट मैन की नजर पड़ते ही तत्काल स्टेशन मास्टर को अवगत कराकर मालगाड़ी को रेलवे फाटक के पहले लाल सिंग्नल मिलने पर ड्राइवर ने खड़ी कर दिया।

# बेखौफ चोरों ने मन्दिर समेत तीन घरों को बनाया निशाना

### अगई देवी धाम से उड़ाए घंटे व घरों से नकदी व जेवरात

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गुरुवार की रात बेखौफ चोरों ने स्थानीय कोतवाली क्षेत्र स्थित देवी मन्दिर व घर के साथ लीलापुर क्षेत्र में एक जगह चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने एक लाख की नकदी, मन्दिर के आधा दर्जन घण्टे व लाखों के जेवरात के साथ कीमती सामान उड़ा ले गये। घटना को लेकर शुक्रवार को पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है।

लालगंज कोतवाली अन्तर्गत रानीगंज कैथौला पुलिस चैकी क्षेत्र के अगई स्थित पौराणिक धाम दुर्गन भवानी में लगे पीतल के आधा दर्जन घण्टे चोर उड़ा ले गये। इस दौरान चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने का सीसी फुटेज मंदिर में लगे कैमरे में कैद हो गया।



लालगंज के जटहा पूरेनंदन गांव में चोरी के बाद बिखरा सामान।

इसका वीडियो शुक्रवार सुबह सोशल मिडिया पर वायरल हुआ तो इलाके के लोगों में मंदिर से घण्टे चोरी होने की जानकारी होने पर आक्रोश पनप उठा। वहीं कोतवाली क्षेत्र के हुलमन का पुरवा भदारी कला गांव की चम्पा देवी पत्नी स्व. केदारनाथ ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि गुरूवार की रात घर के दरवाजे में बाहर से ताला बंद कर वह बाहर सो रही थी। इसी बीच रात में ताला तोडकर चोर घर में रखे हजारों के गहने, जमीन व बीमा के कागजात उड़ा ले गये। मामले में पीड़िता ने गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ घर में चोरी करने की घटना को लेकर तहरीर दी है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

उधर लीलापुर थानान्तर्गत शाहीपुर कटवढ़ गांव में हुई। गांव निवासी दारा सिंह पुत्र कृपाशंकर सिंह का आरोप है कि अज्ञात चोर छत के रास्ते उसके घर में घुस आये। कमरे में आलमारी का लाक तोडकर उसमें रखा पैंसठ हजार की नकदी व करीब दो लाख के जेवरात उड़ा ले गये। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने पीआरबी पुलिस एक सौ बारह को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन के बाद वापस लौट गयी। थानाध्यक्ष सुभाष यादव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## राम-रावण युद्ध देख रोमांचित हो उठे दर्शक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जय मां वीणावादिनी रामलीला समिति हण्डौर के तत्वाधान में चल रही रामलीला में दर्शकों की भीड़ जुट रही है। कलाकारों द्वारा गुरूवार की रात लक्ष्मण मेघनाद संवाद, अंगद रावण संवाद, भगवान श्रीराम द्वारा रावण का वध आदि के मंचन को दर्शकों ने खूब सराहा। मंचन के दृश्य में मृत्यु को प्राप्त हो रहे रावण के पास राम भाई लक्ष्मण के साथ पहुंचते हैं और उनसे ज्ञान प्राप्त करते हैं। रावण बताता है कि मनुष्य को हमेशा प्रेम से रहना सीखना चाहिए। कभी भी भूलकर भाई से बैर नहीं करना चाहिए नहीं तो उसका परिणाम बुरा ही होता है। रामलीला मंचन में राम का किरदार डा. श्याम सिंह, लक्ष्मण बने हरिश्चंद्र तिवारी, सीता के किरदार में सूरज दुबे, हनुमान के रूप में राज दुबे, अंगद बने राजेश वर्मा, हास्य कलाकार के रूप में शिव प्रसाद विश्वकर्मा, कुम्भकरण के किरदार में संजय शुक्ल, विभीषण बने शिव सम्पत वर्मा, मेघनाद बने रंजन कुमार, रावण के किरदार में भारत लाल कनौजिया ने दर्शकों का मनमोह लिया। इस मौके पर डा. दसाराम शुक्ल, लालजी दुबे, नन्हें तिवारी, नीरज तिवारी, लक्ष्मीकांत दुबे, राजेश दुबे, श्यामशंकर दुबे, रामू रजक, शहबाज खान, नन्हें तिवारी, राजकुमार दुबे, तीर्थराज, अनिल सरोज, चंद्रभान आदि ने रामलीला का आनन्द उठाया।

# लाठियों से पीट पीटकर कर अधेड़ की हत्या

## सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र में लाठी डंडे से पीट पीटकर अधेड़ की हत्या कर दी गयी है हत्या से इलाके में सनसनी मच गई,अधेड़ की हत्या से परिजनों में कोहराम मच गया,घटना की सूचना पर करारी थाना की पुलिस अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह और क्षेत्राधिकारी मंझनपुर अभिषेक कुमार मौके पर पहुंचे और फील्ड यूनिट की टीम ने साक्ष्य जुटाए,पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के बड़ी पवैया गांव के भोंदू सरोज उम्र लगभग 46 वर्ष पुत्र झल्लर की लाठी डंडों से पीट पीट कर हत्या कर दी गई,अधेड़ का खून से लथपथ शव परिजनों ने देखा तो सनसनी मच गई परिवार में कोहराम मच गया है


हत्या के बाद घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़

मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लगी है घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी,घटना की सूचना पर करारी थाना पुलिस पहुंची और उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी,जिसके बाद सीओ मंझनपुर अभिषेक कुमार और एएसपी समर बहादुर सिंह भी मौके पर पहुंचे।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फील्ड यूनिट की टीम को बुलाकर हत्या के साक्ष्य जुटाए जा रहे है। वहीं अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### नगर पंचायत चरवा में विकास कार्य योजनाओं को लेकर अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने की बैठक

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा में नगर पंचायत बोर्ड की पहली बैठक में सभी वार्डो में एक समान विकास कराने के लिए बैठक में विभिन्न कार्य योजनाएं बनाई गई। इसमें मुख्य रूप से साफ सफाई और अन्य निर्माण कार्य, पथ प्रकाश व्यवस्था पर जोर रहा। नगर पंचायत के सुंदरीकरण और विकास कार्यों के लिए शासन द्वारा आदेशित समस्त योजनाओं और सुविधाओं को सभी वार्ड में पहुंचने की बात कही है। नगर पंचायत अध्यक्ष जगनारायण ने अधिशासी अधिकारी सुभाष चन्द्र व सभी सभासदों के साथ शुक्रवार को नगर पंचायत चरवा के कार्यालय में बैठक की। बैठक में विकास कार्यों में तेजी लाने पर चर्चा की गई। बैठक में सभी वार्डो में हर मूलभूत सुविधाओं को पहुंचने से लेकर सफाईकर्मी, बिजली , पानी, स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाइट, सोलर पैनल, हैंडपंप, नाली , पक्के रास्ते, आदि कार्यों का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। इससे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगनारायण ने अधिशासी अधिकारी और समस्त सभासदों का स्वागत गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा की हर हर वार्ड में तेजी से विकास कार्य किया जाएगा जो विकास कार्य हो रहे हैं उसको जल्द से जल्द पुरा करवाया जाएगा।

# चारागाहों में शत-प्रतिशत नैपियर घास की बुआई किया जाए सुनिश्चित : डीएम

### निराश्रित गोवंश संरक्षण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ डीएम ने बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में निराश्रित गोवंश संरक्षण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ए0के0 सागर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार दिनांक 01 नवम्बर 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक विशेष अभियान चलाकर आवारा घूम रहें निराश्रित गोवंशों को पकडकर गौशालाओं में संरक्षित किया जाना है। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों एवं ई0ओ0 से अभियान के अन्तर्गत अब तक गौशालाओं में संरक्षित किये गये गोवंशों की संख्या की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि पशु चिकित्सा अधिकारियों से समन्वय कर शत-प्रतिशत निराश्रित गोवंशों को पकडवाकर गौशालाओं में संरक्षित किया जाय। 31 दिसम्बर 2023 के बाद कोई भी निराश्रित गोवंश सड़को पर घूमते हुए पाया जाता है तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कडी कार्यवाही किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्डों में कैटिल कैचर की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि विकास खण्ड-चायल, मूरतगंज, नेवादा, कौशाम्बी एवं सिराथू में कैटिल कैचर अभी तक क्रय नहीं किया गया है,जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर कैटिल कैचर क्रय करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गौशालाओं के लिए चिन्हित चारागाहों में शत-प्रतिशत नैपियर घास की बुआई सुनिश्चित किया जाय इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी तथा सभी खण्ड विकास अधिकारीगण व ई0ओ0 सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सीएम डैश बोर्ड रैंकिंग में प्रदेश में तृतीय स्थान पर है जनपद कौशाम्बी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार के कुशल मार्ग निर्देशन तथा मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद कौशांबी ने माह-अक्टूबर 2023 की जारी सीएम डैश बोर्ड रैंकिंग में प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया हैं। यह जानकारी जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने देते हुए बताया कि जनपद में विभिन्न विभागों की योजनाओं/इण्डीकेटर यथा-पं. दीन दयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाईट, सोलर स्ट्रीट लाईट ग्राम उन्नति योजना, विद्युत आपूर्ति, खराब ट्रांसफार्मर को बदलना कृषि रक्षा रसायन डीबीटी, एम्बूलेंस सेवा 102 एवं 108, टेली रेडियोलाजी, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, बायोमेडिकल उपकरण मेन्टेंन्स, मेडिकल मोबाइल यूनिट,सी0टी0 स्कैन,पेंशन सम्बन्धित आधार सीडिंग,पंचायत राज विभाग,सामाजिक वनीकरण, निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशुओं का टीकाकरण, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, ओडीओपी वित्त पोषण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली तथा सीएमआईएस पोर्टल आदि ने 10 में से 10 अंक प्राप्त किया है। जिलाधिकारी ने 10 से कम अंक प्राप्त करने वाली योजनाओं/इण्डीकेटर यथा-एमओयू मानिटरिंग, बीज डीबीटी, एनआरएलएम, दवाओं की उपलब्धता की निगरानी,जल जीवन मिशन, व्यक्तिगत शौचालय,पीएम पोषण, विद्यालयों का निरीक्षण, पशुओं का कृत्रिम गभार्धान, कन्या सुमंगला योजना, मनरेगा एवं ओडीओपी टूलकिट वितरण आदि से सम्बन्धित अधिकारियों को शत-प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# घर में अकेले मौजूद सीओ मिश्र की जलकर मौत

### जिस कमरे में मौजूद थे सीओ मिश्र उस कमरे से लगी आग ने तीन मंजिला मकान को अपने आगोश में लिया कार बुलेट स्कूटी समेत तमाम सामान जलकर खाक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के जनपद मुख्यालय मंझनपुर में जिलाधिकारी आवास के सामने जल निगम कार्यालय को जाने वाली सड़क पर शुक्रवार को दोपहर लगभग साढ़े ग्यारह बजे तीन मंजिला मकान में आग लगने से एक व्यक्ति की जलकर दर्दनाक मौत हो गई है आग कैसे लगी है यह रहस्य बरकरार है शुक्रवार को दोपहर के वक्त घर से आग की तेज लपटे देखकर ग्रामीणों के मामले की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने फायर ब्रिगेड के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक का बेटा जनपद कचहरी में अधिवक्ता है और मूल रूप से वह मोहब्बतपुर पैसा थाना के मोंगरी कड़ा के रहने वाले हैं अग्निकांड की इस घटना में घर के बरामदे में खड़ी कार बुलेट स्कूटी वा घर का तमाम समान जलकर खाक हो गया। घटनाक्रम के मुताबिक मोहब्बत पुर पैसा थाना क्षेत्र के मोगरी कड़ा के रहने वाले शिवप्रसाद मिश्र उर्फ सीओ मिश्रा ने मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के जिला अधिकारी आवास के सामने जाने वाली सड़क में जल निगम कार्यालय के पास बंबुरा में एक तीन मंजिला मकान का निर्माण कराया था इस मकान में कई किराएदार रहते हैं और मकान में इस समय फर्निशिंग का काम भी चल रहा है लेकिन शुक्रवार को किराएदार भी मकान में मौजूद नहीं थे और फर्निशिंग का काम भी बंद था बेटा उनका जिला कचहरी चला गया था शुक्रवार 17 नवम्बर की दोपहर वह घर पर अकेले मौजूद थे अचानक मकान से तेज लपटे उठने लगी आग की तेज लपटे देखकर मौके पर हड़कम्प मच गया और तमाम लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई और उनके बेटे को भी मामले की सूचना लोगों ने दी आनन फानन में मौके पर पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ पहुंचे घर में आग लगने की जानकारी मिलते ही उनका बेटा भी मौके में पहुंच गया फायर ब्रिगेड की मदद से कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है पुलिस और फायर ब्रिगेड के लोग अंदर पहुंचे तो देख कि गृहस्वामी शिव प्रसाद मिश्रा उर्फ सीओ मिश्रा गंभीर रूप से झुलस गए हैं गंभीर झुलसे सीओ मिश्रा को पुलिस वाले अस्पताल लेकर भागे लेकिन चिकित्सक ने उनकी मौत की पुष्टि कर दी है इस अग्निकांड में घर के बरामदे में खड़ी एक कार,एक बुलेट और स्कूटी समेत तमाम समान भी जलकर खाक हो गया घर में रखे तमाम सामान भी इस घटना में जलकर खाक हो गए है आग की विकरालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि नीचे के मंजिल में लगी आग देखते देखते तीसरी मंजिल तक पहुंच गई एएसपी समर बहादुर सिंह ने बताया कि एक तीन मंजिल के मकान में आग लगने की घटना हुई है,आग से जलकर एक व्यक्ति की मौत भी हो गई है जबकि एक कार,बुलेट और स्कूटी भी जल गई है,मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है,तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाई की जायेगी।





**घटना के वक्त नहीं मौजूद थे किराएदार :** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के जिस मकान में शुक्रवार के आग लगी है उस मकान में कई किराएदार रहते थे लेकिन घटना के दिन किराएदार मौके में मौजूद नहीं थे मकान में फर्निशिंग का काम चल रहा था लेकिन कारीगर और मजदूर भी घटना के दिन काम पर मौजूद नहीं थे जिससे शिवप्रसाद मिश्र घटना के वक्त घर पर अकेले थे आग कैसे लगी है यह रहस्य बरकरार है और लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं है

**सीसीटीवी कैमरे खोल सकते हैं राज :** मंझनपुर मुख्यालय के बबुरा में सीओ मिश्रा की जलकर मौत के मामले में जिला अधिकारी आवास से लेकर मृतक के आवास तक में लगभग चार सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं इन सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जाए तो घटना के रहस्य से पर्दा उठ सकता है करोड़ों के लेनदेन का था विवाद : जनपद मुख्यालय मंझनपुर के बबुरा में सीओ मिश्रा का मंझनपुर के प्रॉपर्टी डीलर से करोड़ों के लेनदेन का विवाद था कई लोगों के साथ मिलकर उन्होंने जनपद मुख्यालय में प्रॉपर्टी का बड़ा व्यवसाय फैलाया था लेकिन लेनदेन को लेकर विवाद होने लगा था पहले भी कई बार नोकझोंक हो चुकी है सीओ मिश्रा की शुक्रवार को उनके आवास पर जलकर दर्दनाक मौत हो गई है उनकी मौत के बाद तमाम सवाल खड़े हो गए हैं घटना और दुर्घटना की लोगों के बीच चचाएं हो रही है कहीं साजिश के तहत उन्हें मौत के घाट तो नहीं उतारा गया है।

**तख्त पर लेटे-लेटे जलकर मौत को गले लगाना समझ से परे :** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बबुरा गांव में तीन मंजिला मकान में शुक्रवार को भीषण आग लगने के बाद शिव प्रसाद मिश्रा उर्फ सीओ मिश्रा की जलकर दर्दनाक हुई मौत के बाद तमाम गंभीर सवाल छूट गए हैं जिस तखत पर सीओ मिश्रा लेटे थे वह तखत पूरी तरह से जल गई है और उस तख्त के नीचे सीओ मिश्रा की डेड बॉडी लेटे अवस्था मे मिली है अब सवाल उठता है कि यदि व्यक्ति ने स्वयं अपने ऊपर तेल छिड़क कर आग लगाई है तो वह व्यक्ति आग की लपट के बाद एक स्थान पर तख्त पर कैसे लेटा रह गया आग लगने के बाद वह ब्यक्ति तड़पा होगा मौके से भागने की कोशिश की होगी लेकिन घटनास्थल पर इस तरह के साक्ष्य नहीं मिले हैं मृतक की लाश दूसरे स्थान पर नहीं मिली है सूत्रों की माने तो घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरे में उनके बेटे के अलावा किसी के आने-जाने का साक्ष्य उपलब्ध नहीं है उनके घर से किराएदार कब वापस गए हैं इस बात का भी उल्लेख अभी तक नहीं मिल सका है परिजनों का कहना है कि पैसे के लेनदेन में घर में आग लगाई गई है जिससे सीओ मिश्रा की मौत हुई है जनपद मुख्यालय में आगजनी का यह मामला बेहद गंभीर है और जल्दबाजी में बयान बाजी किए जाने के बजाय गंभीर बिंदुओं में सूक्ष्म तरीके से जांच कर सीओ मिश्रा की मौत से पर्दा उठाए जाने की जरूरत है।

# श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु

### भगवान श्री कृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया

**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर 4 मुख्य यजमान उदय वीर सिंह के आवास पर आयोजित श्री मद भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक आचार्य नंद जी महराज ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर विस्तृत वृतांत बताया है द्वापर युग में श्री कृष्ण ने बुधवार के दिन रोहिणी नक्षत्र में जन्म लिया था अष्टमी तिथि को रात काल अवतार लेने का प्रमुख कारण उनका चंद्रवंशी होना है। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन के अवसर पर आचार्य द्वारा प्रभु श्री कृष्ण जन्मोत्सव का वृतांत दशार्या गया है कृष्ण जन्मोत्सव का वृतांत देखकर श्री भागवत कथा में उपस्थित भक्त भाव विभोर हो गए और जमकर तालियां बजाई गई कथा के दौरान जैसे ही भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज



उठा इस दौरान लोग खुशी से झूमने नाचने लगे आचार्य नंद महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्त होती है उन्होंने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है कथावाचक नंद महाराज ने बताया कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि त्राहि मच गई ,अत्याचार अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्री कृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया आयोजन आयोजक उदयवीर सिंह ने सपत्नी आरती व पूजा पाठ किया इस दौरान आशुतोष सिंह सहित सैकड़ों भागवत कथा प्रेमियों ने विशेष झांकियों एवम प्रसंगों को सुनकर आत्मविभोर रहे हैं।

### तीन देशी बम के साथ बमबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ गस्त पर थे मुखबिर के सूचना पर कड़ाधाम पुलिस ने लेहदरी ग्राम सभा में अभियुक्त मोहम्मद चांद बाबू पुत्र रशीद अहमद निवासी कड़ा कजियाना थाना कड़ा धाम को लेहदरी गौशाला के पास से 03 देशी बम के साथ गिरफ्तार किया चांद बाबू को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 03 देशी बम बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर कड़ा धाम पुलिस ने अभियुक्त पर मु॰ अ॰ सं॰ 313/23 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वारंटी अभियुक्ता गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस द्वारा डीपी एक्ट से सम्बंधित वारंटी अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता कुसुम देवी पत्नी बच्ची लाल निवासी चमरूपुर थाना कोखराज को थाना पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

# सीओ के नेतृत्व में चार थाने की पुलिस फोर्स ने गोतस्करो की तलाश में की कांबिंग



**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में करारी थाना क्षेत्र के सालेपुर गांव में अचानक कई थाने की पुलिस फोर्स पहुंची तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पुलिस टीम ने कई घरों की तलाशी लिया और लोगों को कड़े हिदायत दिया गांव में अचानक भारी तादाद में पुलिस फोर्स देखकर गांव के लोग आसंकित हो गए और इधर-उधर भागने लगे क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के नेतृत्व में करारी,पश्चिम शरीरा,कौशाम्बी और महेवाघाट थाना की पुलिस फोर्स ने करारी थाना क्षेत्र के सालेपुर गांव में गो तस्करी के आरोपियों का भौतिक सत्यापन किया।वही कई ऐसे लोगो के घरों पर जाकर पुलिस ने पूछताछ की सीओ मंझनपुर अभिषेक कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर करारी थाना क्षेत्र में गो तस्करी के आरोपियों के गांव में कांबिंग की गई है, कई ऐसे आरोपियों के घर पर पूछताछ की गई है।

## न्यूज झरोखा

### विश्व कप क्रिकेट में भारत की दमदार जीत पर कौशाम्बी में आयोजित हुई विराट विजय दौड़, पुलिस पब्लिक व छात्र हुए शामिल



**कौशाम्बी।** भारत देश की क्रिकेट टीम की विश्व कप क्रिकेट में लगातार हो रही जीत की खुशी जहा एक ओर पूरे देश में है वही कौशाम्बी जिला इस खुशी को विराट विजय दौड़ के माध्यम से मना रहा है,कौशाम्बी जिला मुख्यालय मंझनपुर में भारतीय क्रिकेट टीम की विजय सफलता को फाइनल तक ले जाने के लिए विराट विजय दौड़ का आयोजन किया गया,वही इस विराट विजय दौड़ को ऐतिहासिक बनाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह और नगर पालिका परिषद मंझनपुर के चेयरमैन द्वारा लोगो को तिरंगा वितरित किया। भारतीय क्रिकेट टीम की लगातार जीत को फाइनल तक पहुंचाने के लिए और टीम की हौसलाफजाई के लिए मंझनपुर में वीरता विजय दौड़ का आयोजन किया गया।इस दौड़ में पुलिस और पब्लिक के लोगो ने प्रतिभाग किया। इस दौरान एएसपी और मंझनपुर नगर पालिका चेयरमैन सहित समाजसेवियों और क्रिकेट प्रेमियों ने हर घर तिरंगा देकर भारतीय क्रिकेट टीम की हौसलाफजाई भी की है।विराट विजय दौड़ की समाप्ति के बाद सभी खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस दौड़ में हिंदू मुस्लिम एकता की मिशाल भी देखी गई।

### पुलिस अधीक्षक ने लिया परेड में सलामी



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई। तथा डायल-112 की गाडियों का निरीक्षण किया गया। परेड के उपरान्त क्वार्टर गार्ड में गार्द की सलामी ली गई तथा गार्द का निरीक्षण किया गया। पुलिस लाइन स्थित एमटी शाखा, कैंटीन, मेस, कर्मचारी बैरक एवं फैमिली आवास परिसर का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस द्वारा दहेज हत्या के वांछित अभियुक्त राजेन्द्र शुक्ला पुत्र शिव मूरत शुक्ला निवासी जुगराजपुर को थाना क्षेत्र के करन चौराहा से गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात दहेज हत्या के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

# 26 जनवरी 2024 तक संचालित है विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान : संयुक्त सचिव

### संयुक्त सचिव,आवास एवं शहरी मंत्रालय,भारत सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** संयुक्त सचिव, आवास एवं शहरी मंत्रालय, भारत सरकार दीपक अग्रवाल द्वारा उदयन सभागार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में संयुक्त सचिव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान 26 जनवरी 2024 तक संचालित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य-सरकार द्वारा संचालित जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में आमजन/ विशेष कर वंचित लोगों को जागरूक करना,विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लोगों को चिन्हित कर लाभान्वित करना तथा लाभान्वित लाभार्थियों से उनके अनुभव/फीडबैक प्राप्त करना आदि है। जनपद में आईईसी वैन को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारम्भ किया जायेंगा। आईईसी वैन को ऑडियो विजुअल



ऐड, ब्रोशर, पैम्फलेट एवं बुकलेट आदि के माध्यम से सूचना के प्रसार को बढाया जायेंगा। भारत सरकार द्वारा उद्देश्य के लिए एक आईटी पोर्टल और एक ऐप विकसित किया गया है, जिस पर यात्रा से सम्बन्धित दैनिक प्रगति,फोटो एवं वीडियो आदि को अपलोड किया जायेंगा। यात्रा को रोस्टर/ कार्य योजना बनाकर क्रियान्वित किया जाय। संयुक्त सचिव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत,पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना,किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना,नैनो उर्वरक का उपयोग एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से कैम्प लगाकर लाभान्वित किया जाय। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में पात्र लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया,आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना एवं पीएम सौभाग्य योजना आदि से कैम्प लगाकर लाभान्वित किया जाय। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफलता पूर्वक एवं प्रभावी रूप से सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों के सम्बन्धित अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण संवाद यात्रा की तिथि एवं समय के सम्बन्ध में स्थानीय सहयोग से मुनादी एवं डुग्गी के माध्यम से ग्राम के समस्त आमजन तक जानकारी पहुचायी जाय। घरौनी/स्वामित्व योजना से संतृप्त ग्राम के लेखपाल/राजस्व निरीक्षक को भी पुरस्कृत कर उत्सव का आयोजन किया जाय। लाभार्थी से उसकी जुबानी योजना से लाभ की कहानी का प्रस्तुतीकरण कराया जाय। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जाय। रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया का प्रचार-प्रसार कराया जाय। ग्रामीण संवाद यात्रा के गॉव में निपुण उत्सव मनाये जाने के लिए विशेष प्रयास किये जायें,ताकि सम्बन्धित ग्राम के प्राथमिक विद्यालय के कम से कम 80 प्रतिशत विद्यार्थी निपुण हो चुके हों। सम्बन्धित प्रधानाध्यापक को भी प्रशस्ति पत्र वितरित जाय। ग्राम में सम्बन्धित बैंक का स्टाल लगाकर बैंक के स्टाल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, के0सी0सी0 एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण आदि कार्यक्रम शासनादेश अनुसार आयोजित किया जाय। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत शासनादेशानुसार कार्यक्रम आयोजित किये जाने के लिए अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद स्तरीय समिति का गठन किया जा चुका है, ग्रामां के कलस्टरवार एवं नगर निकाय के वार्डवार रोस्टर बनाया जा चुका है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित कराया जायेंगा इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

# मोदी सरकार की नीतियों के चलते तेज गति से बढ़ रहा है भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार

भारतीय अर्थव्यवस्था आज लगभग 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से विकास की राह पर आगे बढ़ रही है। अर्थव्यवस्था के आकार में विस्तार से उस देश के नागरिकों की आय में वृद्धि दर्ज होती है इससे गरीब वर्ग के हाथों में भी पैसा पहुंचता है इससे, विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़ती है एवं रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं और अंततः गरीब वर्ग की संख्या में कमी होकर देश में मध्यम वर्ग की संख्या बढ़ती है। नीति आयोग के एक प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2015-16 में भारत के शहरी क्षेत्रों में गरीब वर्ग की संख्या 24.85 प्रतिशत थी जो वर्ष 2020-21 में घटकर 14.90 प्रतिशत रह गई है। इसमें 9.95 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसी प्रकार वर्ष 2015-16 में भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब वर्ग की संख्या 32.59 प्रतिशत थी जो वर्ष 2020-21 में घटकर 19.28 प्रतिशत रह गई है। अतः भारत में गरीब वर्ग की संख्या कम हुई है। इसी कारण से वैश्विक रेटिंग संस्थान भारत की रेटिंग को बढ़ाते जा रहे हैं।

स्टैंडर्ड एंड पुअर रेटिंग संस्थान ने भारत की विकास दर को वर्ष 2023-24 के लिए 6 प्रतिशत रखा है तो वर्ष 2024-25 के लिए 6.9 प्रतिशत की बात की है। साथ ही इसी संस्थान का मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2030 तक 7 लाख 30 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाने वाला है। वर्ष 2023 में अमेरिकी अर्थव्यवस्था 26 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के साथ प्रथम स्थान पर है। दूसरे नम्बर पर चीन आता है जिसकी अर्थव्यवस्था का आकार 18 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। तीसरे स्थान पर जापान है जिसकी अर्थव्यवस्था का आकार 4 लाख 20 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर है। चौथे स्थान पर जर्मनी है जिसकी अर्थव्यवस्था का आकार भी लगभग 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। इस प्रकार भारत अपनी बढ़ी हुई लगभग 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की विकास दर के साथ शीघ्र ही जापान एवं जर्मनी को पछाड़ कर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। फिच नामक रेटिंग संस्थान ने भी भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर के अपने पूर्व के अनुमान में सुधार करते हुए इसे वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 6.2 प्रतिशत कर दिया है, पहिले इस वृद्धि दर के 5.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। मूडीज नामक रेटिंग संस्थान ने भी भारत की विकास दर को वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 6.7 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की है। भारत तेजी से विकास कर रहा है, यह त्यौहारों के दौरान बाजारों में उत्पादों की खरीद के लिए उमड़ रही भीड़ से भी साफ दिखाई दे रहा है।

भारत24 चैनल पर प्रस्तुत एक कार्यक्रम में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, भारत का सकल घरेलू उत्पाद ( अर्थात कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में कुल उत्पादन) वर्ष 2022-23 में 282.83 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर आ गया है। अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद पूरे विश्व में पहिले नम्बर पर है जो 2121.19 लाख करोड़ रुपए का है। इसीलिए अमेरिका पूरी दुनिया का सबसे अमीर एवं ताकतवर देश कहा जाता है। दूसरे नम्बर पर चीन का सकल घरेलू उत्पाद 1497.31 लाख करोड़ रुपए का है। जापान का सकल घरेलू उत्पाद 407.60 लाख करोड़ रुपए का है। जर्मनी का सकल घरेलू उत्पाद 341.05 लाख करोड़ रुपए का है। इस दृष्टि से भारत दुनिया का 5वां सबसे बड़ा अमीर देश है। वर्ष 2013-14 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 113.55 लाख करोड़ रुपए का था और वर्ष 2013-14 में भारतीय अर्थव्यवस्था का पूरे विश्व में 10वां नम्बर था। वर्ष 2013-14 में अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद 1459.88 लाख करोड़ रुपए का था। चीन का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2013-14 में 871.77 करोड़ का था। जापान का सकल घरेलू उत्पाद 2013-14 में 349.37 लाख करोड़ रुपए का था। जर्मनी का सकल घरेलू उत्पाद 323.59 लाख करोड़ रुपए का था। अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद इस दौरान 50 प्रतिशत, चीन का 80 प्रतिशत, जापान का 30 प्रतिशत, जर्मनी का 5 प्रतिशत बढ़ा है जबकि भारत का सकल घरेलू उत्पाद 150 प्रतिशत बढ़ा है। इसी गति से भारत आर्थिक प्रगति करता रहा तो निश्चित ही वर्ष 2030 के पूर्व ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

मेक इन इंडिया योजना के अंतर्गत भी बहुत काम होता दिखाई दे रहा है और भारत में निर्मित वस्तुओं का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2022-23 में भारत ने 36 लाख करोड़ रुपए का निर्यात किया है। जबकि वर्ष 2014 में 19.05 लाख करोड़ रुपए का निर्यात हुआ था। यह लगभग दोगुना हो गया है। वर्ष 2023-24 में भारत सरकार ने पूंजीगत व्यय को 10 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचा दिया है। इससे रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित हो रहे हैं। वर्ष 2014-15 में भारत में 97,000 किलो मीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग थे, जो 9 वर्ष बाद वर्ष 2023-24 में बढ़कर 145,155 किलोमीटर हो गए हैं। इस दौरान लगभग 50,000 किलोमीटर के नए राष्ट्रीय राजमार्ग निर्मित हुए हैं। अब तो गुणवत्ता के मामले में भारत के राजमार्ग अमेरिका के राजमार्गों से टक्कर लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। बेहतरीन राजमार्ग विकसित देश के लिए जरूरी हैं। अच्छे राजमार्गों से बाजार और रोजगार दोनों बढ़ते हैं।

आज भारत अपने घर में उत्पादित वस्तुओं के उपयोग को भी लगातार बढ़ा रहा है। ह्लवोकल फोर लोकलह्व का नारा अब बुलंद हो रहा है एवं भारतीय नागरिक अब चीन में निर्मित उत्पादों का उपयोग कम करते हुए भारत में ही निर्मित वस्तुओं का उपयोग कर रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी भारतीय नागरिकों को लगातार अपील कर रहे हैं कि भारत में ही उत्पादित वस्तुओं का उपयोग करें। इसका असर होता दिख भी रहा है। चीन से विभिन्न उत्पादों के आयात में इस त्यौहारी मौसम में कमी आई है और एक अनुमान के अनुसार इस वर्ष लगभग एक लाख करोड़ रुपए के उत्पादों का आयात चीन से कम हुआ है।

# क्या पुरुष भी घरेलू हिंसा के शिकार हैं?

**–ललित गर्ग–**



अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस माता-पिता के अलगाव, पत्नी की उपेक्षा, दुर्व्यवहार, बेघर होना, रोजगार, आत्महत्या और हिंसा सहित पुरुषों द्वारा सामना किए जाने वाले कई मुद्दों के लिए एक वैश्विक जागरूकता दिवस है, जो हर साल 19 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लड़कों और पुरुषों के जीवन, उनकी उपलब्धियों और परिवार एवं समाज निर्माण में विशेष रूप से राष्ट्र, संघ, समाज, समुदाय, परिवार, विवाह और बच्चों की देखभाल में उनके योगदान के लिए जश्न मनाने का एक अनूठा अवसर है। यह दिवस महज एक उत्सव भर नहीं है, बल्कि ऐसा आयोजन है, जो सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मोर्चों पर पुरुषों की उपलब्धियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके संघर्षों को आम समाज तक पहुंचाना आवश्यक है। इस दिन का उद्देश्य पुरुषों के स्वास्थ्य और कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हुए इसके आलोक में, ह्यशून्य पुरुष आत्महत्याह्न 2023 की थीम है। महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। इस दिवस की शुरूआत 1999 में त्रिनिदाद एवं टोबागो से हुई थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इसे मान्यता देते हुए इसकी आवश्यकता को बल दिया और पुरजोर सराहना एवं सहायता दी है। आज 80 से अधिक देशों में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस मनाया जा रहा है। एक अन्य जानकारी के अनुसार पहली बार 7 फरवरी 1992 को थॉमस ओस्टर द्वारा पुरुष दिवस मनाने की बात भी कही जाती है, लेकिन यह पुरुष दिवस केवल माल्टा में मनाया गया था

दुनिया में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस प्रभावी रूप में बनाये जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। अब पुरुष भी अपने शोषण एवं उत्पीड़ित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों पर अधिक उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की भी बात की जा रही है। आज तेजी से बदलती दुनिया में हर वर्ग के लिए परिभाषाएं भी बन एवं बदल रही हैं। एक तरफ जहां महिलाएं सशक्त हो रही हैं, वहीं पुरुषों की भी छवि समाज में बदलती जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व की बात करें तो पुरुषों को लेकर समाज में ढेरों रुढ़िवादी विचार थे, महिलाओं के शोषण एवं उसे दोयम दर्जा दिये जाने का आरोप उस पर लगता रहा है। जिनमें अब तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। यह दिन पुरुषों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य व उनसे जुड़ी भ्रांतियों पर भी चर्चा करने का दिन है। चीन को छोड़कर हर देश में पुरुषों में आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में अधिक है।

पुरुष एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नारी जहां जीवन को परिपूर्णता देती है तो वहीं पुरुष ही इसका आधार है। अब तक पुरुष की तमाम विशेषताओं को नजरअंदाज करते हुए उसे शोषक, नारी उत्पीडक, क्रूर एवं अत्याचारी ही घोषित किया जाता रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है। नारी जन्मदात्री है तो पुरुष जीवन-निमार्ता है। बचपन में जब कोई बच्चा चलना सीखता है तो सबसे पहले अपने पिता रूपी पुरुष की उंगली थामता है। नन्हा-सा बच्चा उसकी उँगली थामे और उसकी बाँहों में रहकर बहुत सुकून पाता है। बोलने के साथ ही बच्चे जिद करना शुरू कर देते हैं और पिता उनकी सभी जिदों को पूरा करते हैं। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को वो पूरा करते रहते हैं यानी पुरुष की भूमिका किसी भी रूप में महिलाओं से कम नहीं है।

समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं उसका विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां के रूप में नारी को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता के रूप में पुरुष का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता बेटा की चोट देख कर कठोर इसलिये बना रहता है ताकि वह जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। महिला ममता का सागर है पर पुरुष उसका किनारा है। महिला से ही बनता घर है पर पुरुष घर का सहारा है। महिला से स्वर्ग है महिला से बैकुंठ, महिला से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पुरुष ही है। उन्हीं पुरुषों के सम्मान में पुरुष दिवस मनाया जाता है। कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है। तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है। जबकि आज बदलते वक्त के साथ पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज-निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं। आज का पुरुष सिर्फ खुद को नहीं बल्कि महिलाओं के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ता है। वह यह सुनिश्चित कर रहा है कि उन्हें भी आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें व उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। यह परिवर्तन आज सभी इंडस्ट्री जैसे मीडिया, हॉस्पिटैलिटी, बैंकिंग, उद्योग, व्यापार आदि में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जहां महिलाएं शीर्ष पदों पर काम कर रही हैं। सिर्फ यही नहीं पुरुषों को अब महिलाओं के नेतृत्व में कार्य करने में भी झिझक नहीं महसूस होती।

दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत भी घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा हैं। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। ह्यसेव इंडियन फैमिली फाउंडेशनह्व और ह्यमाई नेशनह्व नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। यह एक सच्चाई है कि अब महिलाओं की भांति पुरुष भी हिंसा, उत्पीडन एवं उपेक्षा के शिकार है। वे भी अपने अस्तित्व की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये आवाज उठाना चाहते हैं। बड़ा सच है कि जीवन में जब भी निर्माण की आवाज उठेगी, पौरुष की मशाल जगेगी, सत्य की आंख खुलेगी तब हम, हमारा वो सब कुछ जिससे हम जुड़े होंगे, वो सब पुरुष का कीमती तौहफा होगा, इस अहसास को जीवंत करके ही हमें पुरुष-दिवस को मनाने की सार्थकता पा सकेंगे। प्रेषकः

# लोकतंत्र के मंदिर में दागियों की धमाचौकड़ी

**बाल मुकुन्द ओझा**



चुनाव आते हैं तो राजनीति और अपराध जगत का संबंध भी सुर्खियों में आ जाता है। अपराधियों को नेताओं का समर्थन हो या नेताओं की अपराधियों को कानून के शिकंजे से बचाने की कोशिश, आखिर राजनैतिक दलों पर अपराधियों का ये कैसा असर है। भारतीय लोकतंत्र में अपराधी इतने महत्वपूर्ण हो गए हैं कि कोई भी राजनीतिक दल उन्हें नजरअंदाज नहीं कर पा रहा। हालात यहाँ तक पहुँच गए है कि पार्टियाँ उन्हें नहीं चुनती बल्कि वे चुनते हैं कि उन्हें किस पार्टी से लड़ना है। उनके इसी बल को देखकर उन्हें बाहुबली का नाम मिला है। कभी राजनीतिज्ञ अपराधियों का अपने लाभ के लिए इस्तेमाल करते थे अब अपराधियों ने दूसरे को लाभ पहुँचाने के बदले खुद ही कमान संभाल ली है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों को अपनी टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारने को लेकर देश में एक बार फिर सियासी बहस छिड़ गयी है। सियासी दल एक दूसरे पर दंगाई और अपराधियों को अपनी पार्टी का टिकट देने का आरोप प्रत्यारोप लगा रहे है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले विधान सभा चुनावों के मुकाबले वर्तमान चुनाव में दागी उम्मीद्वारों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों ने दागियों को चुनावी मैदान में उतारने में कोई परहेज नहीं किया है।

चुनाव आयोग ने आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों के लिए निर्देश जारी किए हैं कि यदि उनका आपराधिक रिकॉर्ड है तो उन्हें इसकी जानकारी 3 बार अलग-अलग तय समयावधि में समाचार पत्रों में प्रकाशित व टीवी चैनल्स में प्रसारित कराना होगा। देश की सर्वोच्च अदालत ने भी अपने एक बहुचर्चित फैसले में कहा था कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करते वक्त राजनीतिक दलों के लिए संबंधित व्यक्ति का अपराधिक रिकॉर्ड सार्वजनिक करना अनिवार्य है। चुनाव आयोग के भी स्पष्ट निर्देश है आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारने वाले राजनीतिक दलों को अपनी वेबसाइट पर इस तरह के व्यक्तियों का विवरण अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा और चुनाव के लिए उन्हें टिकट देने का कारण भी बताना होगा।

राजनीति में शुचिता को लेकर ऊपरी तौर पर सभी सियासी दल सहमत है मगर व्यवहार में उनकी कथनी और करनी में भारी अंतर है। लगभग सभी दल चुनाव जीतने के लिए ऐसे उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारते है जो बाहुबली होने के साथ आपराधिक आचरण वाले है। नेताओं के खिलाफ अदालती मुकदमें कोई नयी बात नहीं है। आजादी के बाद से ही नेताओं को विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दो दशकों में ऐसे मामलों में यकायक ही तेजी आयी। दर्ज मुकदमों में हत्या, हत्या के प्रयास, सरकारी धन का दुरूपयोग, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे गंभीर प्रकृति के मुकदमें भी शामिल है। वर्षों से इन मुकदमों का फैसला नहीं होने से हमारी लोकतान्त्रिक प्रणाली पर सवाल उठते रहे है। लम्बे मुकदमें चलने से सबूत मिलने में काफी परेशानी होती है और अंततोगत्वा आरोपी बरी हो जाते है। सुप्रीम अदालत यदि ऐसे मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए कोई सख्त कदम उठाये तो पीड़ितों को न्याय मिल पायेगा।

पिछले सालों में देश में जिस तरह हमारी राजनीति का अपराधीकरण हुआ है और आपराधिक तत्वों की ताकत बढ़ी है, वह जनतंत्र में हमारी आस्था को कमजोर बनाने वाली बात है। राजनीतिक दलों द्वारा अपराधियों को शह देना, जनता द्वारा वोट देकर उन्हें स्वीकृति और सम्मान देना और फिर कानूनी प्रक्रिया की कछुआ चाल, यह सब मिलकर हमारी जनतांत्रिक व्यवस्था और जनतंत्र के प्रति हमारी निष्ठा, दोनों, को सवालों के घेरे में खड़ा कर देते हैं।

आखिर क्यों सरकार इस दिशा में कुछ कर नहीं रही? और विपक्ष भी क्यों चुप है इस मामले में? क्या इसलिए कि सबके दामन पर दाग है? क्या इसलिए कि बाहुबल, धनबल की राजनीति सबको रास आती है? ईमानदार राजनीति का तकाजा है कि राजनीति को आपराधिक तत्वों से मुक्त कराने की प्रक्रिया तत्काल शुरू हो न्याय-व्यवस्था में बदलाव लाकर राजनीति के अपराधियों के मामले निश्चित समय-सीमा में निपटाये जाएं।

# मरीजों के टॉर्चर का सेंटर बनते जा रहे हैं बेलगाम नशा मुक्ति केंद्र

मध्य प्रदेश के रीवा में संचालित ह्यसंकल्प नशा मुक्तिह्न नाम के एक सेंटर के भीतर से दिल दहला देनी वाली घटना ने तकरीबन सभी बेलागम नशा मुक्ति केंद्रों की असल हकीकत को एक्सपोज किया है। वहां भर्ती नशे के आदी युवक के साथ केंद्र के कर्मचारियों ने जीवित मानवता की सभी हदों को पार कर दिया। घटना न सिर्फ सोचने पर मजबूर करती है, बल्कि रोंगटे भी खड़े करती है। कर्मचारियों ने युवक के निजी पार्ट में गैस चूल्हा जलाने वाला लाइटर डाल दिया, जिससे युवक की आंत फट गई, हालत इतनी बिगड़ी कि अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। ईलाज के एकाध दिन बाद जब उसने घटना की जानकारी अपने परिजनों को बताई, तो सभी के होश उड़ गए। देशभर में कुकुरमुत्तों की भांति फैले नशा मुक्ति केंद्रों के भीतर नशेड़ियों के साथ कैसी-कैसी बर्बरताएं की जाती हैं, रीवा की ये ताजा घटना बानगी मात्र है। इससे भी कहीं ज्यादा यातनाएं सेंटरों में मरीजों की दी जाती हैं। महिलाओं के साथ कैसा सलूक होता है, उसकी कल्पना तक नहीं कर सकते।

नशा मुक्ति केंद्र केंद्रीय व राज्य सरकारों के समाज कल्याण विभाग द्वारा तय नियमों से संचालित किए जाते हैं। पर, तल्ख हकीकत ये है कि नशा मुक्ति केंद्रों में सरकारी नियमों को खूंटियों पर टांग दिया जाता है। सेंटर वाले न तो समाज कल्याण विभाग की कोई गाइडलाइन फॉलो करते हैं और न ही सरकार की ओर से कोई निगरानी करने जाता है। शिकायतों पर थोड़ी बहुत खलबली मचती है, वरना कुछ नहीं? जबकि, कागजों में देखरेख की व्यवस्थाएं बहुतेरी हैं कोई कमी नहीं? ऐसा लगता है कि जैसे सरकारी महकमे के लोग भी नशे के आदी मरीजों को उनकी किस्मत पर ही छोड़ देते हैं। नशा मुक्ति केंद्र ज्यादातर एनजीओ की आड़ लेकर संचालित होते हैं जिनका मकसद सिर्फ और सिर्फ पैसा कमाना होता है। हिंदुस्तान में आज नशा जिस तेजी से फैला है, उसका फायदा नशा मुक्ति केंद्र वाले ही उठा रहे हैं। कोई एक राज्य नहीं, बल्कि समूचे देश में ह्यनशा मुक्तिह्न के नाम पर संगठित धन वसूली का धंधा जोरों पर है। लोगों के लिए ये एक ऐसा व्यवसाय क्षेत्र बन गया है जिसमें आमदनी मनचाही है।

क्या शहर, क्या गांव, देहात, कस्बे आदि जगहों पर नशा मुक्ति केंद्र खुले पड़े हैं। पंजाब के किसी भी शहर या गांव में जाइए, वहां शिक्षा सेंटरों से ज्यादा आपको नशा मुक्ति सेंटर दिखाई देंगे? पंजाब को ऐसे ही थोड़ी ह्यउड़ता पंजाबह्न कहा जाता है। वहां अभी हाल में एक बड़ा सफेदपोश नेता नशा तश्करी के आरोप में अंदर गया है। ये धंधा ज्यादातर समाजसेवा को बहाना बनाकर खोला जाता हैं? पर असल में ये केंद्र ह्यनशा मुक्ति-पुनर्वासह्न की जगह ह्ययातना केंद्रह्न में ज्यादा तब्दील हो गए हैं। केंद्रों में नशेड़ियों के साथ कर्मचारी थर्ड डिग्री टॉर्चर, बिजली का शॉक्ड, भूखे रखना और बेहताशा काम करवाते हैं? सेंटर वाले प्रत्येक नशे के मरीज से नशा छुड़ाने का झूठा वादा करते हैं। इसके बदले वो उनके परिजनों से प्रति माह मोटी फीस वसूलते हैं। परिजन इस उम्मीद में अपनों को छोड़ जाते हैं कि उनके बंदे की लत छूट जाएगी?

गौरतलब है कि इस गोरखधंधे की एक और काली सच्चाई है। सेंटरों में शराब छुड़ाने वाले मुकम्मल विशेषज्ञ नहीं होते, वहां तकरीबन नौसिखियों की भरमार होती है। जबकि, बाहर लगे बोर्ड पर न्यूरो, मानसिक, ड्रग्स आदि के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों व विशेषज्ञों के होने का दावा किया जाता है। वहां, अप्रशिक्षित, अनट्रेंड, अनैतिक व्यवहार करने वाले ही ज्यादातर होते हैं। कई केंद्रों पर तो ये खुद रात के अंधेरे में शराब की बोतलों में घुसकर गोता लगाते हैं, पकड़े भी गए हैं। पंजाब के मानसा जिले में अभी कुछ दिन पहले ही स्थानीय एसडीएम ने एक शिकायते पर देर रात एक नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षक किया, जहां सेंटर का संचालककर्ता खुद नशे में धुत्त मिला। एक वक्त था जब नशा मुक्ति केंद्र के संबंध में सुनने में ऐसा हुआ करता था कि इन केंद्रों में पहुंचने वाले प्रत्येक नशे के आदी नशे से मुक्ति पा जाते होंगे। पर, सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत होती है।

# क्या प्रशांत महासागर क्षेत्र के देशों में भी चीन के प्रति नाराजगी पनप रही है?

पापुआ न्यू गिनी क्षेत्र में चीन का प्रमुख कूटनीतिक और व्यापार साझेदार है। प्रधानमंत्री जेम्स मरापे ने हाल ही में चीन की यात्रा की, जहां उन्होंने और चीन के नेताओं ने अपने प्रगाढ़ होते आर्थिक व सुरक्षा संबंधों पर चर्चा की। इस दौरान साझा मुद्रा व्यापार समझौते को लेकर भी चर्चा हुई।

चीन ने हाल के वर्षों में प्रशांत महासागर में तेजी से अपने कदम जमाए हैं क्योंकि वह अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के साथ पारंपरिक रूप से मजबूत संबंध रखने वाले कई देशों पर अपना प्रभाव छोड़ने और उन्हें चुनौती पेश करने के प्रयास कर रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि प्रशांत महासागर के आसपास पड़ने वाले देशों के लोग क्षेत्र में चीन के हितों के विस्तार और गतिविधियों के बारे में क्या सोचते हैं। यह पता लगाने के लिए हाल ही में दो देशों पापुआ न्यू गिनी और सोलोमन द्वीपसमूह में सर्वे किए गये, जहां चीन ने हाल के वर्षों में अपना प्रभाव बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। हम आपको बता दें कि दोनों देशों ने "सभी के मित्र और किसी से शत्रुता नहींह्व की विदेश नीति अपनाई है।

पापुआ न्यू गिनी क्षेत्र में चीन का प्रमुख कूटनीतिक और व्यापार साझेदार है। प्रधानमंत्री जेम्स मरापे ने हाल ही में चीन की यात्रा की, जहां उन्होंने और चीन के नेताओं ने अपने प्रगाढ़ होते आर्थिक व सुरक्षा संबंधों पर चर्चा की। इस दौरान साझा मुद्रा व्यापार समझौते को लेकर भी चर्चा हुई। इस बीच, सोलोमन द्वीपसमूह ने ताइवान को दी गई राजनयिक मान्यता सितंबर 2019 में रद्द कर दी, जिसके बाद से चीन के साथ उसके संबंध तेजी से मजबूत हुए हैं। चीन ने प्रधानमंत्री एम सोगावरे की सरकार के साथ व्यापार, कृषि, स्वास्थ्य, मत्स्य पालन और पुलिस आदि को लेकर सहयोग बढ़ाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास किए हैं।

पहले सर्वेक्षण में पापुआ न्यू गिनी में चीन के स्वामित्व वाली रामू नीको परियोजना की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारियों का आकलन उन लोगों की नजर से करने की कोशिश की गई जो फिलहाल मदांग प्रांत में रह रहे हैं या रह चुके हैं, जहां यह परियोजना है। हमने कुल मिलाकर 100 लोगों की प्रतिक्रिया ली, जिनमें मुख्यतः डिवाइन वर्ड यूनिवर्सिटी के वर्तमान और पूर्व छात्र एवं कर्मचारी शामिल थे। वर्ष 2019 में, निकेल खदान संचालक को गलती से प्रांत की एक खाड़ी में लगभग 200,000 लीटर जहरीला घोल छोड़ने के लिए माफी मांगनी पड़ी थी। उत्तरदाताओं में से ज्यादातर (98 प्रतिशत) ने कहा कि वे पर्यावरण प्रदूषण के बारे में चिंतित हैं, जबकि लगभग 60 प्रतिशत लोगों ने कहा कि खदान परियोजना से पापुआ न्यू गिनी को कोई लाभ नहीं हुआ है।

## नगर पंचायत के निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में शुक्रवार को 15 वें वित्त आयोग के नगर निकायों से प्राप्त प्रस्ताव के अनुमोदन एवं नगर पालिका और नगर पंचायतों द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने पेयजल, जल निकासी, सॉलिड वेस्ट, हैंड पंप अधिष्ठापन, हैंडपंप रिबोर, ट्यूबवेल, मोबाइल शौचालय, प्रेशर मशीन, कूड़ा गाड़ी, ई-रिक्शा, नाली निर्माण, विद्युतीकरण, लाइट व्यवस्था, सड़क निर्माण, विद्यालयों के कायाकल्प, एमआरएफ सेंटर निर्माण आदि निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।



जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी नगर विकास में कार्य कराए जा रहे हैं, उसमें शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि सामग्री क्रय करने के लिए अधिशासी अभियंता जल संस्थान तथा दो अधिशासी अधिकारियों की एक समिति बनाकर मार्केट से रेट का सर्वे करा कर रिपोर्ट प्राप्त करें। डीपीएम स्वच्छ भारत मिशन को निर्देश दिए कि जो स्वच्छ भारत मिशन से सामग्री क्रय करने कि दर निर्धारित की गई है, शासन द्वारा उसकी प्रति सभी अधिशासी अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य वित्त आयोग से सड़कों के गढ्ढा मुक्ति का कार्य कराए तथा 15वें वित से और कार्य कराए जाएं। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग को एक पत्र भेजकर जो नगर पंचायत मऊ कस्बे के अंदर लाइट लगी है, अगर वह खराब है तो उनको ठीक करा कर नगर पंचायत मऊ को हैंडोवर कराएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि एमआरएफ सेन्टरों के निर्माण कार्य सभी जगह पूर्ण हो गए हैं, उनका संचालन कराया जाए।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मऊ अमित द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, अधिशासी अभियंता जल संस्थान डी के सतसंगी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, मानिकपुर भारत सिंह, राजापुर बी एन कुशवाहा, मऊ बीके मिश्रा, अभियंता जिला पंचायत भगत सिंह, जिला समन्वयक डूडा संतोष कुमार पटेल, डीपीएम स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार आदि मौजूद रहे।

## मऊ बस अड्डे की स्ट्रीट लाइट तक न जलवा पाए जनप्रतिनिधि

अखंड भारत संदेश

**मऊ, चित्रकूट।** दीपावली पर्व पर जहां हर जगह रोशनी से जगमग था तो वहीं नगर पंचायत मऊ के मध्य से गुजरे झांसी मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग में लगी स्ट्रीट लाइटें मऊ बस अड्डे पर सिर्फ शो पीस की तरह ही लगी हुई थीं।

अब तक स्ट्रीट लाइटें जल नहीं पायी हैं वो किसी म्यूजियम में पुरातत्व सामग्री की तरह लगी हुई हैं, जिन्हें सिर्फ देख के ही संतोष किया जा सकता है। अब सवाल उठना तो लाजिमी है कि सरकार ने नेशनल हाइवे के विकास पर इतना पैसा खर्च किया, लेकिन जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग विकास की ही बत्ती गुल किये हुए हैं। शो पीस बनी स्ट्रीट लाइटें दिन को तो नगर पंचायत मऊ के बस अड्डे की शान बढ़ाती तो हैं, लेकिन जैसे ही शाम ढलती है तो अपने बुझी हुई शक्ल से जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों की लापरवाही की बानगी भी बयां करती हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सम्बन्धित विभाग में कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन हाल वैसे के वैसे ही हैं। इस सम्बन्ध में अजय राज त्रिपाठी का कहना है कि स्ट्रीट लाइटों के न जलने से नगर पंचायत मऊ के बसअड्डे में अंधेरा रहता है, जिससे आवागमन कर रहे लोगों के साथ बस अड्डे के व्यापारी वर्ग भी अंधेरे में रहने को मजबूर रहतें हैं।

अंधेरा रहने से दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। साथ ही बेटू वाजपेई ने बताया है कि सम्बन्धित विभाग को कई बार लिखित शिकायत के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग समस्या के समाधान के लिए किसी भी प्रकार की रुचि ही नहीं ले रहे हैं। क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग सहित व्यापारियों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइटों को जलवाया जाए ताकि नगर पंचायत मऊ के बसअड्डे में पर्याप्त प्रकाश हो सके। क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने संबंधित विभाग को पत्र लिखकर समस्या के निस्तारण की मांग की है। मऊ क्षेत्र के सवर्ण आर्मी के संगठन मंत्री संदीप द्विवेदी, प्रशांत तिवारी, सुदेश श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, नरेंद्र खरे, प्रकाश शुक्ला, राजा शुक्ला सहित क्षेत्र के लोगों ने जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइट जलवाए जाने की मांग की हैं।

## दो गांजा कारोबारियों को त्वरित न्यायालय ने सुनाई सजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जीआरपी द्वारा गांजा के साथ गिरफ्तार किए गए दो तस्करों को त्वरित न्यायालय ने पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास की सुनाई है। साथ ही दोनों आरोपियों को 25-25 हजार रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 28 फरवरी 2023 को मानिकपुर जीआरपी थाना प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा ने हमराही मुख्य आरक्षी इकरार अहमद और सफीक अहमद, आरक्षी भूपेन्द्र सिंह व आरपीफ के एएसआई आशुतोष त्रिपाठी आरक्षी वीरेन्द्र सिंह के साथ प्लेटफार्म नम्बर एक से संदिग्ध स्थितियों में बैग के साथ भागने पर दो लोगों को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए युवक कौशाम्बी जिले के पश्चिम सरीरा थाने के सिमरहा गांव के निवासी आदर्श कुमार तिवारी पुत्र मनोज तिवारी और महेवा घाट थाने के रानीपुर हटवारा निवासी अमन शुक्ला पुत्र सुरेश चन्द्र शुक्ला के पास से बैग में गांजा बरामद हुआ था। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया था कि वह लोग छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से गांजा खरीद कर लाए हैं। जिसे कौशाम्बी क्षेत्र में बेचना था। जीआरपी ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी आदर्श कुमार तिवारी व अमन शुक्ला को पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास के साथ 25-25 हजार रूपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

## विश्व दर्शन दिवस पर मुक्ताकाशी मंच से हुआ कबीर का मूलभूत दर्शन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** संत कबीर अकादमी संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सौजन्य से अखिल भरतीय समाज सेवा संस्थान द्वारा बुंदेलखंड कबीरी महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को भारत जननी परिसर रानीपुर भट्ट में किया गया।

कबीरी महोत्सव में डॉ कौशलेन्द्र दास ने कबीर कुतुवा राम का मोतिया मोरो नांव, गले राम की सांकरी जित खींचे तित जांव। दोहे के माध्यम से कबीर के दर्शन को चरितार्थ करते हुए बताया कि द्विवेदी युग के कवि डॉ हजारी प्रसाद द्विवेदी ने अपनी रचना में कबीर के रहस्यवाद का चिंतन उजागर करते हुए कहा कि कबीर की डांट फटकार मन को उद्वेलित एवं आंदोलित करती है।



उन्होंने बताया कि कबीर का जन्म देश के फसाद युग के दौर में हुआ परन्तु कबीर ने अपने विचारों से समन्वय स्थापित किया। कबीर ने विभिन्न धर्मों में मचे झगडों को भी अपने विचारों से सुलझाया। महात्मा गाँधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष लल्लूराम शुक्ल ने वर्ण व्यवस्था के बारे में कबीर की वाणी को बताया कि जिस व्यक्ति की आत्मा पवित्र है, उसको कबीर ने सभी वर्गों से श्रेष्ठ माना है। उत्तर प्रदेश विभाग पूर्व विशेष सचिव आईएएस आनंद कुमार ने कहा कि कबीर जन्म एवं लालन पालन से ही दो धर्मों के माने जाने लगे थे। अतः धर्म-सम्प्रदाय को किनारे करके आत्मावलोकन किया है। अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के संस्थापक गोपाल भाई ने विलुप्त हो रही ऐसी सांस्कृतिक विधाओं को भारत जननी परिसर में एक मंच देने के लिए आनंद कुमार से आह्वान किया। इस पर उन्होंने कबीरी महोत्सव को लगातार जारी करने की भी बात कही।

कबीरी महोत्सव में बुंदेलखंड के बांदा, हमीरपुर एवं चित्रकूट जनपद की विभिन्न कबीरी गायन टीमों ने मन को प्रफुल्लित कर देने वाली अपनी प्रस्तुतियां दी। नरैनी बाँदा से दयाराम, बडोखर बुजुर्ग बाँदा से चंद्रपाल सिंह, बिवांर हमीरपुर से प्रहलाद सिंह एवं चित्रकूट से सुमित्रा देवी की टीमों ने कबीरी गायन में बेहतरीन प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन किया। विश्व प्रसिद्ध मृदंगाचार्य अवधेष द्विवेदी का तबला वादन भी आकर्षण का केन्द्र रहा। कार्यक्रम का संचालन संत कबीर अकादमी के सलाहकार आशुतोष द्विवेदी ने किया।

इस मौके पर सांसद आर के सिंह पटेल, सदर विधायक अनिल प्रधान, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, भाजपा के वरिष्ट पदाधिकारी जगदीश गौतम, समाजवादी पार्टी के मान सिंह पटेल, जे एम इण्टर कॉलिज के प्रबंधक जगमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

## चित्रकूट में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियां शुरू

### 22 नवंबर को राष्ट्रीय रामायण मेला में होगा आयोजन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** त्रिदेवों की जन्मस्थली चित्रकूटधाम में 22 नवंबर को होने जा रहे अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियां पूरी हो चुकी है। सम्मेलन में भाग लेने के लिए विश्व के अनेक देशों से अतिथि आ रहे हैं। इसके साथ ही देश से भी विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों का भी यहां पर मेला लगेगा। इसी को लेकर शुक्रवार केंद्रीय कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य कार्यक्रम संयोजक प्रो गोविंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि भले ही चित्रकूट को भगवान राम की तपस्थली के रूप में परिभाषित किया जाता हो, पर वास्तव मे यह स्थली सृष्टि के आरंभ से ऋषियों की दिव्य साधना स्थली के रूप मे जाना जाता रहा है। इसी कारण से प्रयागराज के भरद्वाज मुनि ने भगवान राम को चित्रकूट भेजा था। भगवान श्रीराम ने माता सीता व भ्राता लक्ष्मण सहित यहा पर लगभग 12 वर्ष बिताये और यहां पर उन्हें ऋषियों व मुनियों का संरक्षण प्राप्त हुआ। ऐसे कामदगिरि पर्वत को विश्व के धरोहर के रूप पर लाने की कवायद सम्मेलन में की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी 22 नवम्बर को रामायण मेला परिसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिन्हें दो सत्रों में किया जाएगा। पहले सत्र में चित्रकूट की महिमा पर संवाद व मंथन होंगे और दूसरे सत्र में भारत का वास्तविक इतिहास एवं संस्कृति पर चर्चा देश व विदेशी विद्वानों के बीच होगी। इसके अलावा बुंदेलखंड के कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति भी कार्यक्रम का हिस्सा होगी। कार्यक्रम की शुरूआत रामघाट से रामायण मेला परिसर तक विशाल शोभायात्रा के साथ की जाएगी।



कार्यक्रम संयोजक संदीप रिछारिया ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए तैयारियां की जा रही है। 20 नवंबर से बाहर से आने वाले मेहमानों का आना प्रारंभ हो जाएगा। बाहर से आने वाले मेहमानों में यूएन के पीस एडं वार एंबेसडर डॉ. परविंदर सिंह, थाईलैंड की डीजीपी मोरगुडी सोमार्ट के साथ न्यूजीलैंड, इंग्लैंड सहित अनेक देशों से लोग आ रहे हैं। भारत से आने वाले अनेक राजनेता, फिल्म कलाकार, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडी व अन्य विधाओं के पारंगत लोग आ रहे हैं। यह कार्यक्रम पूरी तरह से चित्रकूट धाम के विकास को लेकर समर्पित है। यूएनओ से आने वाले मेहमानों को मांग पत्र देकर कामदगिरि पर्वत को यूनेस्कों का हेरीटेज बनाए जाने की मांग की जाएगी। साथ ही देश के राजनेताओं को मांग पत्र देकर चित्रकूट धाम के 84 कोस परिक्षेत्र को केन्द्र शासित प्रदेश बनाए जाने की मांग की जाएगी। इस मौके पर डॉ मनोज द्विवेदी, सामाजिक कार्यकर्ता आनंद सिंह पटेल, मीडिया प्रभारी पुष्पराज कश्यप व सहप्रभारी रहमत अली आदि मौजूद रहे।

## गुरु पादुका पूजन के साथ 112वें श्री तारा नेत्रयज्ञ का हुआ शुभारम्भ



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सन्त रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ एवं नेत्र चिकित्सालय में शुक्रवार को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को 112 वें श्री तारा नेत्रयज्ञ का शुभारम्भ हुआ।

विदित है कि प्रतिवर्ष इस दिवस पर सदगुरुदेव रणछोड़ दास महाराज के जन्म जयंती के रूप में उनके भक्तजन एवं श्रद्धालु पूर्ण समर्पण एवं श्रद्धाभाव से मनाते हैं। इसी दिन से वर्ष 1950 में चित्रकूट के प्रमोदवन में गुरुदेव द्वारा प्रथम नेत्रयज्ञ का आयोजन किया गया था। जिसमें मुम्बई से चिकित्सकों एवं कार्यकताओं की टीम आयी थी और कच्चे बैरक और टेंट में 950 मोतियाबिंद के ऑपरेशन सफलतापूर्वक हुए थे। तब से लेकर आज तक नेत्रयज्ञ का क्रम अनवरत चलता आ रहा है। जिसमें आज तक संस्था द्वारा नेत्र यज्ञ के माध्यम से लाखों लोगों को रोशनी प्रदान की गई और इस वर्ष 112 वें तारा नेत्रयज्ञ का शुभारंभ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ बी के जैन, उनकी धर्म पत्नी ऊषा जैन एवं ट्रस्टी डॉ इलेश जैन द्वारा किया गया। रघुवीर मन्दिर में सदगुरु परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में विधि-विधानपूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्यों द्वारा गुरु पादुका पूजन सम्पन्न हुई। इसके बाद प्रार्थना भवन में नेत्रयज्ञ का ध्वजारोहण, पूजन एवं उद्घाटन का हुआ। इसके बाद ऑपरेशन थियेटर में मोतियाबिंद जनित अंधत्व से पीड़ित रोगियों को सर्जरी के लिए ले जाया गया।

इस मौके पर जनरल सर्जन डॉ पूनम अडवाणी, नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ आलोक सेन, कॉर्निया विभाग प्रमुख डॉ गौतम सिंह परमार, अधीक्षक डॉ ए बी एस राजपूत आदि मौजूद रहे।

## छठ पर्व के लिए पुलघाट में चला सफाई अभियान, मूर्तियों का हुआ भू विसर्जन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** छठ पर्व को देखते हुए बुंदेली सेना ने नगर पालिका की सफाई टीम के साथ पुलघाट कर्वी में सफाई अभियान चलाया। साथ ही सैकड़ों लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों का भू विसर्जन किया गया। दीपावली के पहले घाट की सफाई हुई थी, लेकिन फिर सीढ़ियों और घाट में गंदगी और कचरे का अम्बार धर्मभीरुओ ने लगा दिया।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि दीपावली में लक्ष्मी गणेश की मूर्तियाँ समेंत बड़ी तादाद में पूजन सामग्री से लोगों ने पुलघाट को पाट दिया था। शुक्रवार को छठ पर्व को देखते हुए घाट की सीढ़ियों और नदी की सफाई की गई। सैकड़ों मूर्तियाँ, जवारा, पालीथिन की थैलियाँ और कचरा नदी से बाहर निकाला गया। नदी के अंदर वाली सीढ़ियों का शनिवार को भी मलबा निकालने का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बुंदेली सेना की अपील पर पिछले कुछ वर्षों से सैकड़ों लोग नदी में गणेश लक्ष्मी की मूर्ति नहीं फेंकते बल्कि घाट किनारे और चबूतरे में रख देते हैं। ऐसी सभी मूर्तियों का नदी किनारे ही गढ्ढा कराकर भू विसर्जन किया गया। नदी में बहाव न के बराबर है और फेंका गया। कचरा नदी में जमा होकर गंदगी का पर्याय बनता है। अब लोगों को परम्पराएं बदलनी पड़ेंगी अन्यथा नदी का भविष्य अंधरकारमय होना तय है। इस मौके पर नगर पालिका के सफाई नायक दुलीचंद्र, चुन्नीलाल, रामनरेश यादव, जानकी शरण गुप्ता, वीपी पटेल, अतुल सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने पर दिया जोर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट द्वारा शुक्रवार को मानिकपुर, रामनगर, मऊ ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग सीपी गौतम महाविद्यालय रामनगर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने किया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र में सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने सकल्प पत्र में जो जनता से वादा किया था, उन पर काम करते हुये लोककल्याणकारी योजनाओं से जनता को लाभान्वित करने का काम कर रही है।

भाजपा सरकार अपने संकल्पों को बिना रुके पूरा कर रही है। किसानो के कल्याण के लिए अन्नदाता सुखी भवेत के संकल्प के साथ बीज से लेकर बाजार तक नीतिगत उपाय कर रहे हैं। गरीब कल्याण के लिए अन्त्योदयी संकल्प लेकर केन्द्र से चलने वाले एक रुपए को बिना बिचैलियों के सीधे हकदार के पास पूरा एक रुपए पहुंचाने का काम किया है। प्रथम सत्र की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय कहा कि भाजपा की जब सरकार बनी तभी प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है और आज सरकार गरीबों के उत्थान पर ही काम कर रही है।




दूसरे सत्र में पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने कहा कि 21 अगस्त 1951 में जनसंघ की स्थापना के साथ पार्टी की शुरूआत हुई। गांधी जी की हत्या के बाद में नेहरु सरकार द्वारा लगाये गये प्रतिबंध के बाद हिन्दू वादी विचारधारा पर बोलने वाला व उनकी बात रखने वाला देश मे कोई भी राजनैतिक दल नही था। हिन्दू वादी विचारधारा को आगे बढाने व हिन्दुओं की बात रखने के लिये जनसंघ की स्थापना हुई। 1967 तक जनसंघ देश की दूसरे नम्बर की पार्टी बन जनसंघ के घोषणापत्र अन्त्योदय दरिद्र नारायण की सेवा व एकात्मानववाद के आधार पर निरन्तर कार्य कर रही है। भाजपा से कई उतार चढाव के बाद आज भाजपा देश ही नही दुनिया की सबसे बडी पार्टी बन गयी है। अध्यक्षता करते हुये पूर्व विधायक आन्नद शुक्ला ने कहा कि भाजपा जिसका कभी विरोधी दल के लोगों द्वारा मजाक उडाया जाता था, किन्तु आज वह सभी दल मजाक के पात्र बने है। भाजपा को यहा तक पहुचाने मे कई लोगों ने अपनी कुर्बानिया दी हैं, उनकी कुबार्नी बेकार न जाये। तृतीय सत्र में जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि को जनता की सेवाकर व लगातार उनके सुख दुख मे सहभाग करते हुये अपने क्षेत्र पर लगातार समय देकर ही एक अच्छा जनप्रतिनिधि बना जा सकता है। कोई भी जनप्रतिनिधि एक आदर्श जनप्रतिनिधि बनकर ही जननेता बन सकता है। जनप्रतिनिधि छोटा हो या बडा, उसकी कथनी और करनी मे अन्तर नही होना चाहिए। जनप्रतिनिधिगण अपने आपको जनता से लगातार जनसंवाद करते रहना चाहिए व जनहितैषी विषयों को निरन्तर सही पटलों पर अवश्य रखना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि किसी भी सरकार का चेहरा जनप्रतिनिधि होता है उसी पर सरकार का मूल्यांकन होता है इसलिए जनप्रतिनिधि को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। चतुर्थ सत्र में पूर्व सांसद रमेशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने गांवों के विकास को प्रमुखता से करने का काम किया है। पंचायतों के विकास के बिना देश का विकास सम्भव नही है। अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा की भारतीय जनता पार्टी का पूरा जोर गावों के विकास में है। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन जिला महामंत्री राघवेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख रामनगर गंगाधर मिश्रा, मऊ सुशीला वर्मा, तीरथ तिवारी, राघवेन्द्र सिंह, आशीष पांडेय, गौरव करवरिया, मंडल अध्यक्ष मऊ ओमप्रकाश मिश्रा, रामनगर प्रदीप सिंह, मनोज मिश्रा, अशोक शोनकर, संजय केशरवानी, दीपचन्द्र पांडेय, राजा अवान सिंह, मोनू खान, राजेश्वरी, गौरीशंकर, संजीव त्रिपाठी, दिनेश चन्द्र, राजरानी, रामगनेश, मुन्नालाल वर्मा, आभा देवी, सवित्री देवी, ननकू, शिवबाबू त्रिपाठी, राममिलन, अन्नू सिंह, अजय पटेल आदि मौजूद रहे।

# लाहौर में 'स्मॉग' से निपटने के लिए कृत्रिम बारिश कराएगी पाकिस्तान सरकार



**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब सूबे की राजधानी लाहौर में धुंध (स्मॉग) की समस्या से निपटने के लिए वहां की सरकार ने लाहौर में कृत्रिम बारिश की योजना बनाई है। यह देश में अपनी तरह का पहला प्रयोग होगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस संबंध में प्रांतीय पर्यावरण मंत्री बिलाल अफजल और शिक्षा मंत्री मंसूर कादिर की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें शहर में स्मॉग को नियंत्रित करने के लिए लघु, मध्यम और दीर्घकालिक उपायों के मूल्यांकन पर चर्चा की गई। बैठक में पर्यावरण सचिव राशिद कमालुर रहमान, पर्यावरण संरक्षण विभाग, स्पार्को और विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। स्मॉग को खत्म करने के लिए कृत्रिम वर्षा पर भी विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि 28 या 29 नवंबर को बादल छाए रहने की संभावना होने पर कृत्रिम वर्षा के संबंध में तैयारी की जानी चाहिए।

प्रांतीय मंत्री ने कहा कि कृत्रिम बारिश कराने के लिए एक टीम और कार्य समूह का गठन किया जाना चाहिए, जो कृत्रिम बारिश कराने के लिए विमान उपलब्ध कराने पर परामर्श करेगा। बिलाल अफजल ने कहा कि बादल जरूरी हैं और कार्य समूह को कृत्रिम बारिश के सभी पहलुओं पर विचार करना होगा। उन्होंने कहा कि कार्य समूह के अंतिम प्रस्तावों को मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के पास भेजा जाएगा। पंजाब के लाहौर झंग, हफीजाबाद, खानेवाल, ननकाना, बहावलनगर और शेखूपुरा जिले सबसे खराब वायु प्रदूषण का सामना कर रहे हैं।

इस बीच, लाहौर हाई कोर्ट ने अधिकारियों को स्मॉग प्रभावित जिलों में 18 नवंबर को सभी स्कूल और कॉलेज बंद करने का आदेश दिया है। अदालत ने सरकार को सप्ताह में दो दिन घर से काम करने की नीति लागू करने का भी निर्देश दिया।

# हमास ने अपहृत इजराइली महिला येहुदित वीस को मारा, आईडीएफ ने बरामद किया शव



**तेल अवीव/यरुशलम।** फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल में हमलाकर बंधक बनाए गए 240 लोगों में से येहुदित वीस नामक महिला की हत्या कर दी है। गाजा के सुरक्षाबलों ने युद्ध के 42वें दिन शुक्रवार को यह दावा किया।

गाजा पट्टी में अल शिफा अस्पताल में इजराइल के धावे के बीच उस मीडिया रिपोर्ट्स में इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के हवाले से यह जानकारी दी गई। आईडीएफ ने कहा है कि गाजा पट्टी में 65 वर्षीय येहुदित को सात अक्टूबर के हमले के दौरान हमास के आतंकवादियों ने दक्षिणी इजराइल के किबुत्ज बेरी स्थित उनके घर से सात अक्टूबर को उनका अपहरण किया गया था। इस दौरान हमास ने उनके पति श्मुलिक वीस की हत्या कर दी थी। येहुदित वीस पांच बच्चों की मां थीं और किंडरगार्टन में काम करती थीं। बाद में आतंकवादियों ने गाजा पट्टी में येहुदित की हत्या कर दी। उसका शव अल शिफा अस्पताल से सटी एक इमारत में मिला है। अफसोस है कि सुरक्षाबल समय रहते उस तक नहीं पहुंच पाए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इजराइली सैनिक अल शिफा अस्पताल में मौजूद हैं। हमास के गुप्त ठिकानों पर धावा बोला गया है। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अस्पताल परिसर के आसपास ईरान समर्थित सशस्त्र समूह फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद की सैन्य शाखा इजराइली सुरक्षाबलों को चुनौती दे रही है। इजराइल के सुरक्षा बलों ने अस्पताल के अंदर सुरंग से हमास की लगभग एक दर्जन बंदूकें, एक ग्रेनेड, सुरक्षात्मक जैकेट और वर्दियां बरामद की हैं। इस बीच आईडीएफ ने कहा है कि शिफा अस्पताल को 4,000 लीटर से अधिक पानी और 1,500 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया है।

## नेपाल में बेघर हुए चार भूकंप पीड़ितों की ठंड से मौत

**काठमांडू।** जाजरकोट में चार भूकंप पीड़ितों की ठंड से मौत होने की खबर है। भूकंप के बाद तिरपाल में रह रहे चार लोगों की ठंड से मौत हो गई है। भूकंप से बेघर हुए लोगों की परेशानी ठंड के कारण और अधिक बढ़ गई है। जाजरकोटे गांवपालिका के अध्यक्ष वीर बहादुर गिरी ने बताया कि ठंड के कारण इस गांव में दो बुजुर्ग व्यक्तियों की मौत हो गई है। भूकंप के कारण इन दोनों का घर पूरी तरह से टूट चुका था, जिसके कारण ये लोग तिरपाल में रह रहे थे। गिरी ने बताया कि दोनों बुजुर्गों को दमे की शिकायत थी और करीब 15 दिन से ठंड में रहने के कारण उनकी मौत हो गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधि बद्री पन्त ने कहा कि अत्यधिक ठंड के कारण दोनों की मौत होने की पुष्टि डॉक्टरों ने की है।

## लाहौर में 'स्मॉग' से निपटने के लिए कृत्रिम बारिश कराएगी पाकिस्तान सरकार




**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब सूबे की राजधानी लाहौर में धुंध (स्मॉग) की समस्या से निपटने के लिए वहां की सरकार ने लाहौर में कृत्रिम बारिश की योजना बनाई है। यह देश में अपनी तरह का पहला प्रयोग होगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस संबंध में प्रांतीय पर्यावरण मंत्री बिलाल अफजल और शिक्षा मंत्री मंसूर कादिर की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें शहर में स्मॉग को नियंत्रित करने के लिए लघु, मध्यम और दीर्घकालिक उपायों के मूल्यांकन पर चर्चा की गई। बैठक में पर्यावरण सचिव राशिद कमालुर रहमान, पर्यावरण संरक्षण विभाग, स्पार्को और विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। स्मॉग को खत्म करने के लिए कृत्रिम वर्षा पर भी विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि 28 या 29 नवंबर को बादल छाए रहने की संभावना होने पर कृत्रिम वर्षा के संबंध में तैयारी की जानी चाहिए।

प्रांतीय मंत्री ने कहा कि कृत्रिम बारिश कराने के लिए एक टीम और कार्य समूह का गठन किया जाना चाहिए, जो कृत्रिम बारिश कराने के लिए विमान उपलब्ध कराने पर परामर्श करेगा। बिलाल अफजल ने कहा कि बादल जरूरी हैं और कार्य समूह को कृत्रिम बारिश के सभी पहलुओं पर विचार करना होगा। उन्होंने कहा कि कार्य समूह के अंतिम प्रस्तावों को मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के पास भेजा जाएगा। पंजाब के लाहौर झंग, हफीजाबाद, खानेवाल, ननकाना, बहावलनगर और शेखूपुरा जिले सबसे खराब वायु प्रदूषण का सामना कर रहे हैं।

इस बीच, लाहौर हाई कोर्ट ने अधिकारियों को स्मॉग प्रभावित जिलों में 18 नवंबर को सभी स्कूल और कॉलेज बंद करने का आदेश दिया है। अदालत ने सरकार को सप्ताह में दो दिन घर से काम करने की नीति लागू करने का भी निर्देश दिया।

## म्यांमार-चीन सीमा क्षेत्र में 5.7 तीव्रता का भूकंप

**बर्लिन।** म्यांमार-चीन सीमा क्षेत्र में आज (शुक्रवार) सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.7 रही। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स में जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) के हवाले से म्यांमार-चीन सीमा क्षेत्र में शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस होने की जानकारी साझा की गई है। जीएफजेड ने कहा है कि भूकंप 10 किलोमीटर (6.21 मील) की गहराई पर था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# पाकिस्तान और रूस आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए मिलकर काम करेंगे



**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और सुरक्षा की अन्य चुनौतियों से निपटने पर पाकिस्तान-रूस संयुक्त कार्य समूह की दसवीं बैठक गुरुवार को इस्लामाबाद में आयोजित की गई। दोनों पक्षों ने अफगानिस्तान, मध्य और दक्षिण एशिया और उत्तरी अफ्रीका की स्थितियों पर विशेष ध्यान देने के साथ वैश्विक और क्षेत्रीय आतंकवादी खतरों पर विस्तार से चर्चा की। संवाद ने आतंकवाद परिदृश्य की जटिलता और निरंतर सतर्कता की आवश्यकता पर जोर दिया।

बैठक की सह-अध्यक्षता पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त विदेश सचिव, राजदूत सैयद हैदर शाह और रूसी संघ के उप विदेश मंत्री, राजदूत सर्गेई वर्शिनिन ने की। दोनों पक्षों ने आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने और आतंकवाद-निरोध के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में मिलकर काम करने का संकल्प लिया। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने आतंकवाद से निपटने के लिए अपनी-अपनी राष्ट्रीय रणनीतियों और उपायों की रूपरेखा तैयार की। पाकिस्तान और रूस ने आतंकवाद के खिलाफ व्यापक लड़ाई में राष्ट्रीय प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया।

यह बैठक पाकिस्तान-रूस द्विपक्षीय आतंकवाद विरोधी सहयोग की पृष्ठभूमि में नियमित आदान-प्रदान का हिस्सा थी। दोनों पक्ष इस तरह के सहयोग के पारस्परिक लाभों को रेखांकित करते हुए आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों को मजबूत करने पर सहमत हुए। संयुक्त राष्ट्र और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) जैसे बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा विशेष रूप से उपयोगी रही। दोनों पक्षों ने आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने और आतंकवाद-निरोध के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

दोनों पक्षों ने कट्टरपंथ के विभिन्न रूपों, आतंकवादी विचारधाराओं के प्रसार और आतंकवादी उद्देश्यों के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग पर भी चर्चा की। वे इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए व्यापक रणनीतियों की आवश्यकता पर सहमत हुए। बैठक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपना सहयोग जारी रखने के लिए पाकिस्तान और रूस दोनों की प्रतिबद्धता की पुष्टि के साथ समाप्त हुई। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा बनाए रखने में अपनी साझेदारी के महत्व को पहचाना। वर्किंग ग्रुप की अगली बैठक 2024 में होगी।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गाजा में संक्षिप्त युद्धविराम का प्रस्ताव पारित, इजराइल का मानने से इनकार

**संयुक्त राष्ट्र।** हमास-इजराइल युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहली बार मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए संक्षिप्त युद्धविराम का प्रस्ताव पारित किया। इजराइल ने इसे मानने से इनकार कर दिया है।

इजराइल ने कहा है कि बंधकों कीरिहाई के बिना वह हमास को हमलों से बचने के लिए कोई राहत नहीं देगा। वैसे भी गाजा पट्टी में अब आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है। प्रस्ताव में कहा गया कि इजराइली सेना की घेराबंदी और हमलों के चलते गाजा पट्टी के 23 लाख लोगों को आवश्यक वस्तुओं की किल्लत झेलनी पड़ रही है। इसलिए सीमित समय का युद्धविराम लागू कर आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित कराने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।

इस प्रस्ताव के समर्थन में 15 सदस्य देशों में से 12 ने वोट दिया। विरोध में कोई वोट नहीं पड़ा। अमेरिका, रूस और ब्रिटेन ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। अमेरिका और ब्रिटेन ने मतदान का बहिष्कार किया। रूस ने मनवीय आधार पर स्थायी युद्धविराम की मांग का विरोध किए जाने के कारण मतदान में हिस्सा नहीं लिया। पारित प्रस्ताव में बंधकों की अविलंब और बिना शर्त रिहाई का जिक्र नहीं किया गया है।

# बांग्लादेश में आम चुनाव रद्द करने की मांग को लेकर विपक्ष का देशव्यापी हड़ताल



**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव को रद्द करने की मांग को लेकर विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने गुरुवार को 48 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया। इसके साथ विपक्ष ने यह भी दावा किया कि इस चुनाव का उद्देश्य प्रधानमंत्री शेख हसीना की आवामी लीग को लगातार चौथे कार्यकाल के लिए सत्ता में लाना है। बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त काजी हबीबुल अवल के बहुप्रतीक्षित आम चुनाव 7 जनवरी की घोषणा के बाद विपक्षी दल का यह बयान आया है। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने रविवार सुबह 6 बजे से दो दिवसीय आम हड़ताल का आह्वान किया।

पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली पार्टी ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा को खारिज किया और चुनाव प्रक्रिया जारी रखने के सरकार के फैसले के खिलाफ विरोध जारी रखने का संकल्प लिया है। बीएनपी के वरिष्ठ नेता अब्दुल मोईन खान ने कहा, बांग्लादेश में हर कोई इस चुनाव के नतीजे को जानता है।

धुर दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी सहित बीएनपी के कई सहयोगियों ने हड़ताल के आह्वान को समर्थन दिया, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों को देशव्यापी सुरक्षा चौकसी बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा और राजमार्गों और प्रमुख शहरों की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों को भी बुलाना पड़ा। विपक्ष ने 28 अक्टूबर से रुक-रुक कर राष्ट्रव्यापी परिवहन नाकाबंदी जारी रखी जिससे आपूर्ति प्रणाली बाधित हुई।

# इजराइल ने गाजा के दक्षिण में व्यापक अभियान चलाने का दिया संकेत, अलशिफा अस्पताल में तलाश जारी

**गाजा/खान यूनिस।** हमास के खिलाफ जारी कार्रवाई के बीच इजराइल ने अभियान का विस्तार करते हुए गाजा के दक्षिण भाग में व्यापक अभियान चलाने के संकेत दिए हैं। इस संबंध में इजराइली सैन्य बल ने दक्षिणी गाजा के कुछ हिस्सों से भागने की चेतावनी देते हुए पर्चे गिराए हैं। इसकी जानकारी स्थानीय निवासियों ने गुरुवार को दी। हालांकि बमबारी और जमीनी हमले से बचने के लिए अधिकांश आबादी यहां से पलायन कर गई है।

वहीं, इजराइली सैनिकों ने उत्तर में शिफा अस्पताल में तलाशी जारी रखी जो बुधवार तड़के शुरू हुई थी। इजराइली सैनिकों ने कुछ बंदूकें दिखाते हुए कहा कि ये एक इमारत में मिली। हालांकि उन्होंने अभी तक हमास के केंद्रीय कमान सेंटर होने का कोई सबूत जारी नहीं किया है। वहीं हमास और गाजा के सबसे बड़े अस्पताल के कर्मचारियों ने इन आरोपों से इनकार किया है। इजराइल ने दक्षिण में अभियान का विस्तार किया है जहां वह पहले से ही प्रतिदिन हवाई हमले करता रहा है। घिरे हुए क्षेत्र में पहले से ही गंभीर मानवीय संकट का खतरा है। गाजा में 15 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं, जिनमें से अधिकांश दक्षिण की ओर भाग गए हैं, जहां भोजन, पानी और बिजली की कमी बढ़ती जा रही है। वहीं यहां से पलायन करने वाले कहां जाएं इस बात का संकट बरकरार है क्योंकि मिस्र ने बड़ी संख्या में शरणार्थियों को लेने से इनकार कर दिया है।

फलस्तीनी दूरसंचार प्रदाता के अनुसार यह क्षेत्र बृहस्पतिवार को तब फिर से बाहरी दुनिया से कट गया, जब ईंधन की कमी के कारण सभी संचार सेवाएं बंद हो गईं।

युद्ध अब छठे सप्ताह में है। इसकी शुरूआत 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में हमास के व्यापक हमले के कारण शुरू हुआ था, जिसमें आतंकवादियों ने 1,200 से अधिक लोगों को मार डाला था, जिनमें ज्यादातर नागरिक थे। साथ ही आतंकवादियों ने लगभग 240 पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को बंधक बना लिया था।

फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, हमलों में 11,200 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से दो-तिहाई महिलाएं और नाबालिग हैं। अन्य 2,700 लोगों के लापता होने की सूचना है, जिनमें से अधिकांश के मलबे में दबे होने की आशंका है। बंदूकधारियों ने बृहस्पतिवार को यरूशलम के कब्जे वाले पश्चिमी तट में इजराइली बस्तियों से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर एक जांच चौकी पर चार लोगों को गोली मारकर घायल कर दिया।

पुलिस के अनुसार, इस घटना में तीन हमलावर मारे गए। पुलिस ने बताया कि हमलावरों के पास असॉल्ट राइफल, हैंडगन और कुल्हाड़ी थीं और वे यरूशलम में बड़े पैमाने पर हमले की तैयारी कर रहे थे।

इजराइली सैनिकों ने बुधवार को गाजा के सबसे बड़े अस्पताल में धावा बोला और उसके अंदर और नीचे हमास सदस्यों की तलाश की। उक्त अस्पताल में नवजात शिशुओं और सैकड़ों अन्य रोगियों को बिजली और अन्य बुनियादी आवश्यकताओं के बिना कई दिनों तक परेशानी उठानी पड़ी।

गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सैनिकों ने बृहस्पतिवार को अस्पताल के भूमिगत तलों की तलाशी ली और इसके उपकरण चलाने के लिए जिम्मेदार तकनीशियनों को हिरासत में ले लिया।इजराइली सेना ने शिफा के अंदर का एक वीडियो जारी किया जिसमें तीन बैग दिखाए गए। इनके बारे में कहा गया कि इन्हें एमआरआई लैब के आसपास छिपाया गया था तथा प्रत्येक में एक असॉल्ट राइफल, ग्रेनेड और हमास की वर्दी थी।